




# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 265/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, रविवार 14 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in







# मध्यप्रदेश में आतंकवाद नहीं पनपने देंगे: चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है मध्यप्रदेश की धरती पर धर्मांतरण नहीं होने दिया जाएगा। धर्मांतरण के प्रयास करने वाले संगठनों पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। आतंकवाद को कुचलने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज स्मार्ट उद्यान में टीवी चैनल प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में धर्मांतरण के प्रयासों में लिप्त पाए गए संगठन के सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। हिज्ब उत तहरीर संगठन के सदस्य कोचिंग सेंटर चलाने, ऑटो ड्राइवर के रूप में और दर्जी के रूप में कार्य कर धर्मांतरण के प्रयास कर रहे थे। रायसेन जिले के वन क्षेत्र में ये ट्रेनिंग कैंप भी चलाते थे। जहां प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से एक और राज्य में 10 लोगों की धरपकड़ हुई है वही तेलंगाना से भी ऐसे संगठन के सदस्यों को पकड़ा गया है। एटीएस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्रवाई की गई है। ऐसे तत्वों को जड़ से समाप्त किया जाएगा। इनका पैटर्न धर्मांतरण और आतंकवाद फैलाना है। इनको ऐसे प्रयास में सफल नहीं होने दिया जाएगा।गैर कानूनी कार्य करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। पूर्व में भी नक्सली,दस्युओं और आतंकी गतिविधियों में लिप्त अपराधियों को पकड़ा गया है। आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों को एक बड़ी सौगात के रूप में ब्याज माफी का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व सरकार द्वारा ऋण माफी का वादा कर किसान को ऋण ग्रस्त और डिफाल्टर बनाने का कार्य किया गया। ऐसे किसानों की ब्याज की राशि का भुगतान राज्य सरकार करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में गत चार दिवस में हल किए गए प्रकरणों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अभियान के अंतर्गत आम जनता से जुड़े छोटे-छोटे कार्यो जैसे ड्राइविंग लाइसेंस,बंटवारा,अविवादित नामांतरण, विभिन्न प्रमाणपत्रों को उपलब्ध कराने, बिजली कनेक्शन,पेयजल कनेक्शन देने के लिए 31 मई तक शिविरों के माध्यम से शहरी क्षेत्र में वार्डों और ग्रामों में शिविर लगाए जायेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

## जाट महाकुंभ में उमड़ा लोगों का हुजूम

**भोपाल।** शहर के भेल दशहरा मैदान पर आज जाट समाज का महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में जाट समुदाय के लोग जुटे हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हैं। मुख्यमंत्री कुछ देर पहले सम्मेलन में पहुंचे है। साथ में कृषि मंत्री कमल पटेल, अभय सिंह चौटाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम सिंह हैं। मुख्यमंत्री ने मंच पर पहुंचकर सबसे पहले कन्या पूजन किया। भोपाल युवा जाट सभा के पूर्व अध्यक्ष संतोष जाट ने बताया कि महाकुंभ में जाट समाज प्रदेश सरकार से भोपाल में सामाजिक भवन के लिए भूमि देने, जाट समाज के आराध्य देव बीर तेजाजी महाराज के नाम से बोर्ड का गठन करने, केंद्र में जाट समाज को पिछड़ा वर्ग का दर्जा दिलाए जाने, मप्र में समाज की पुरातत्विक धरोहरों को संरक्षित करने और रतलाम मेडिकल कालेज का नाम शहीद भगत सिंह किए जाने का मांग करेगा। महाकुंभ में विनीता फोगाट सहित समाज के ऐसे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल होंगे। महाकुंभ में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, विधायक कृष्णा गौर के साथ ही कुछ अन्य गणमान्य जनों को भी आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में समाज के 30 से 40 हजार लोगों के पहुंचने का दावा किया जा रहा है।

# कर्नाटक का सीएम कौन?

## विधायक दल की बैठक से पहले शुरू हुआ पोस्टर वॉर

**बेंगलुरू।** कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद अब इस बात पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं कि प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? इसे लेकर राज्य में गहमागहमी भी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में बेंगलुरु में कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धारमैया के आवास के बाहर पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उन्हें कर्नाटक का अगला सीएम बताया गया है। वहीं डीके शिवकुमार के आवास के बाहर भी पोस्टर लगाए गए हैं, जिनमें उन्हें राज्य का सीएम बताया गया है।





कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामालिंगा रेड्डी ने कहा कि सभी लोगों की महत्वकांक्षाएं होती हैं। ना सिर्फ डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ही नहीं बल्कि एमबी पाटिल और जी परमेश्वरन की भी ये इच्छा है लेकिन सीएम केवल एक बन सकता है और इसका चयन पार्टी हाई कमान और विधायक करेंगे। मुझे मंत्री पद मिलेगा। इस बीच, डीके ने कहा कि वे अपने अध्यात्मिक गुरु से मिलने के लिए नोनाविनाकेरे रवाना हो रहे हैं। इससे पहले वोक्कालिगा समुदाय के मठ हरिहरपुरा से संतों ने बेंगलुरु पहुंचकर डीके शिवकुमार से मुलाकात की।

जयनगर सीट में देर रात तक काउंटिंग चलती रही। यहां कांग्रेस ने सौम्या रेड्डी और भाजपा ने राममूर्ति को कैंडिडेट बनाया था। काउंटिंग के दौरान हंगामा हुआ तो री-काउंटिंग हुई। इसके बाद राममूर्ति महज 16 वोटों के अंतर से जीत गए। इसके बाद पोलिंग दफ्तर के सामने डीके शिवकुमार ने धरना दिया। उन्होंने कहा कि काउंटिंग के दौरान सरकारी मशीनरी का गलत इस्तेमाल किया गया है।

**किसका पलड़ा भारी-** सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार और सिद्धारमैया के लिए आलाकमान 50-50 के फॉर्मूले के साथ आ रहा है, क्योंकि लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए दांव बहुत बड़ा है। सिद्धारमैया को अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और दलितों वाले अहिंदा (अल्पसांख्य, हिंदुलिदा और दलित) समूह के जननेता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने नीति निर्माण और घोषणापत्र के वादों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस की तीखी आलोचना के लिए भी जाना जाता है। शिवकुमार ने राज्य में पार्टी को शून्य से ऊपर उठाया, जब बीजेपी ने 2019 में उसके नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। उन्होंने पार्टी को संगठित किया और संसाधनों को जमा किया। वह वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं और कांग्रेस पार्टी के लिए उनसे अधिकांश वोट हासिल करने में कामयाब रहे।

## कांग्रेस के वचन पत्र को अंतिम रूप देने पर विचार



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस वचन पत्र समिति की बैठक में वचन पत्र को अंतिम रूप देने पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। नारी सम्मान योजना वचन पत्र का हिस्सा होगी, इस योजना में कांग्रेस महिलाओं को 1500 रु प्रति माह और 500 रु में गैस सिलेंडर का वादा कर रही है। कांग्रेस की विधानसभा चुनाव 2023 के वचन पत्र समिति की बैठक पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के भोपाल स्थित आवास पर चल रही है। बैठक की अध्यक्षता कमलनाथ कर रहे हैं, इसमें नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह, सुरेश पचौरी, वचन पत्र समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सज्जन वर्मा, मुकेश नायक, सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित हैं। दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस का वचन पत्र मध्य प्रदेश के विकास का नया रोडमैप तैयार करेगा।

## उज्जैन में बैंक आफ इंडिया की शाखा में लगी भीषण आग

**उज्जैन।** उज्जैन शहर के नागझिरी क्षेत्र स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से बैंक के अंदर रखे कम्प्यूटर, फर्नीचर सहित कई दस्तावेज जलकर खाक हो गए। बैंक में आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है।

## डिस्ट्रॉयर मोरमुगाओ से ब्रह्मोस की कामयाब टेस्टिंग

**मुंबई।** इंडियन नेवी में शामिल नए वॉरशिप आईएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया गया है। मिसाइल ने सीधा टारगेट को हिट किया। आईएनएस मोरमुगाओ को इंडियन नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। यह हथियारों से लैस दुनिया का सबसे आधुनिक मिसाइल करियर है।

मोरमुगाओ एक स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर है, जिसका 75 प्रतिशत हिस्सा देश में ही बनाया गया है। भारतीय नौसेना के अनुसार यह पी-15 ब्रावो प्रोजेक्ट का दूसरा जहाज है। पी-15 बी प्रोजेक्ट के तहत चार वॉरशिप बनाए जा रहे हैं। इसमें से विशाखापत्तनम और मोरमुगाओ इंडियन नेवी को सौंप दिया गया है। बाकी दो सूरत और इंफाल हैं जिन्हें जल्द ही नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा।

## सीबीआई डायरेक्टर के लिए 3 नाम शॉर्टलिस्ट, मप्र के डीजीपी सक्सेना भी शामिल

**नई दिल्ली।** सीबीआई के नए डायरेक्टर के सिलेक्शन के लिए तीन सीनियर आईपीएस अधिकारियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शनिवार को दिल्ली में एक हाई लेवल मीटिंग की गई थी। जिसमें प्रधानमंत्री, भारत के चीज जस्टिस और लोकसभा में विपक्ष नेता शामिल थे। ये कमेटी ही केंद्रीय जांच ब्यूरो के नए चीफ का सिलेक्शन करेगी।



प्रवीण सूद सुधीर सक्सेना ताज हसन

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवीण सूद (डीजीपी कर्नाटक), सुधीर सक्सेना (डीजीपी मध्य प्रदेश) और ताज हासन अब अगले सीबीआई निदेशक बनने की दौड़ में हैं। मौजूदा सीबीआई डायरेक्टर सुबोध कुमार जायसवाल का दो साल का कार्यकाल 25 मई को समाप्त होगा। सीबीआई डायरेक्टर का सिलेक्शन एक हाईलेवल कमेटी के जरिए किया जाता है। जिसमें प्रधानमंत्री, भारत के चीफ जस्टिस और लोकसभा के विपक्ष के नेता शामिल होते हैं। इसमें दो साल का निश्चित कार्यकाल होता है, लेकिन इसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है।

# खरगोन दुनिया का चौथा सबसे गर्म शहर

## ग्वालियर-चंबल, रीवा में 16 से 20 मई के बीच बूंदाबांदी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी से दो दिन बाद कुछ राहत मिलने के आसार हैं। फिलहाल ज्यादातर शहर भट्टी की तरह तप रहे हैं। खरगोन में शनिवार दिन का तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया। यहां ये बीते 7 साल में सबसे ज्यादा तापमान है। पिछले साल 10 मई को खरगोन का पारा 45.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था। खरगोन, पाकिस्तान के नवाबशाह, सिबी शहर और सऊदी अरब के दम्मम के बाद दुनिया में चौथा सबसे गर्म शहर रहा।

हालांकि, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से ग्वालियर, रीवा-चंबल संभाग में 16 से 20 मई के बाद गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। बाकी जगह गर्मी के तेवर तीखे ही रहेंगे। खासकर मालवा-निमाड़ खूब तपेंगे। यहां तापमान 44 डिग्री के आसपास रह सकता है। भोपाल-नर्मदापुरम संभाग में भी गर्मी का असर देखने को मिलेगा।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि रविवार को प्रदेश के उत्तरी इलाके ग्वालियर-चंबल संभाग में हल्के बादल रहेंगे। बाकी जगह मौसम साफ रहेगा। ग्वालियर, चंबल और रीवा संभाग में 16 से 20 मई के बीच बूंदाबांदी और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। बाकी जगह मौसम शुष्क ही रहेगा। वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है, लेकिन उसका ज्यादा असर नहीं है। एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस है, जो काफी नीचे रहेगा। इस कारण एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलेगा।



### रतलाम की गर्मी खरगोन में शिफ्ट

देश में सबसे गर्म मध्यप्रदेश का खरगोन रहा। इसके बाद राजस्थान के जैसलमेर में 46 डिग्री टेम्प्रेचर दर्ज हुआ। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर, अकोला, चुरू, कोटा, बीकानेर, झांसी, फलोदी और जलगांव में गर्मी ज्यादा रही। यहां 45 से 45.7 डिग्री तक तापमान दर्ज किया गया। मई महीने में पहली बार ग्वालियर, खरगोन, धार, गुना, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, दमोह और खजुराहो में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया।

खरगोन में एक ही दिन में 4 डिग्री तक तापमान बढ़ गया। इससे पहले लगातार 9 दिन तक रतलाम में सबसे ज्यादा तापमान था। यानी, रतलाम प्रदेश का सबसे गर्म था। शनिवार को ग्वालियर में भी पहली बार पारा 44.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, भोपाल में 2 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ पारा 43.2 डिग्री तक पहुंच गया। यह इंदौर में 42.7 और जबलपुर में तापमान 41.1 डिग्री रहा। प्रदेश में सिर्फ पचमढ़ी ही ऐसा रहा, जहां तापमान 36.4 डिग्री दर्ज किया गया। बाकी शहरों में तापमान 40 डिग्री या इससे ज्यादा ही रहा।

## अकोला में 2 गुटों में हिंसक झड़प, कई गाड़ियों को फूंका, धारा 144 लागू

**अकोला।** महाराष्ट्र के अकोला जिले में बीते शनिवार रात दो गुटों में मारपीट हो गई। इस मामले ने इतना तूल पकड़ लिया कि दोनों गुटों के लोग सड़क पर उतर आए। वहीं, एक-दूसरे पर पत्थरबाजी और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हिंसक भीड़ ने कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। सीसीटीवी कैमरे की जांच कर पुलिस ने 15 लोगों को हिरासत में लिया। हिंसक झड़प में 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं, एक शख्स की मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों को खदेड़ा और स्थिति नियंत्रण की। अकोला जिले के एसपी संदीप घुगे ने बताया कि दो गुटों में लड़ाई-झगड़े की सूचना मिली थी। विवाद इतना बढ़ गया कि लोग सड़क पर उतर आए और पत्थरबाजी करने लगे। जिससे कई वाहन तक क्षतिग्रस्त हो गए। हिसंक भीड़ ने कुछ गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया।






# होटल-रेस्टोरेंट में एक साथ नहीं बनाया जाएगा वेज-नॉनवेज खाना

## पूर्व सांसद के पत्र पर पर्यटन विभाग ने जारी किया आदेश

**भोपाल।** मप्र के होटल, रेस्टोरेंट्स में अब एक साथ शाकाहारी और मांसाहारी भोजन नहीं बनाया जा सकेगा। बीजेपी के पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा ने पत्र लिखकर एक साथ वेज और नॉनवेज फूड बनाने, स्टोरेज करने पर रोक लगाने की मांग की थी।





शर्मा के पत्र पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर ने एक्शन लिया है। ऊषा ठाकुर के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने सभी होटल, रेस्टोरेंट संचालकों को आदेश जारी किया है। मप्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम के एमडी ने जारी आदेश में लिखा-समस्त इकाई प्रभारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपनी-अपनी इकाइयों के किचन में वेज एवं नॉनवेज भोजन बनाने की अल-अलग सेक्शन रखे जाना सुनिश्चित करें। साथ ही एफएसएसएआई के मानक अनुसार फ्रीज, डी फ्रीज, चाकू, चोपिंग बोर्ड आदि भी प्रथक-प्रथक रखे। उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

सिंधिया समर्थकों के बीजेपी में शामिल होने के बाद भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा को लेकर रघुनंदन शर्मा कई बार सत्ता और संगठन को घेर चुके हैं। रघुनंदन बीजेपी के प्रदेश प्रभारियों मुरलीधर राव, अजय जामवाल, शिवप्रकाश, रामशंकर कठेरिया, पंकजा मुंडे की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठा चुके हैं। हालांकि दीपक जोशी के बीजेपी छोड़ने के बाद नाराज नेताओं से सीएम शिवराज और संगठन के मुख्य पदाधिकारी चर्चा कर रहे हैं। रघुनंदन के पत्र पर त्वरित एक्शन भी इसी का हिस्सा माना जा रहा है।

## शिविर में हीमोग्लोबिन की जांच एवं स्वच्छता किट वितरण



### सेवा भारती संस्थापक विष्णु कुमार की जयंती पर सेवा सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम संपन्न

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सेवा भारती संस्थापक स्व विष्णु कुमार के जयंती के सेवा सप्ताह का समापन पर महानगर और रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से संजय नगर सेवा बस्ती में निशुल्क हीमोग्लोबिन जाँच एवं 59 स्वछता किट वितरण हुआ। कार्यक्रम में डॉ रामअवतार यादव स्वास्थ्य सह सयोजक, ने विष्णु कुमार जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने उदबोधन में उनके जीवन परिचय देते हुए विष्णु कुमार जी की सोच युवाजनो का स्वस्थ रहना, जागरूक रहना, शिक्षित रहना देश के भविष्य को तय करता है मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया सेवा सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन हुए कार्यक्रम में श्रीमती मंजुलता शर्मा,श्री मति कमलेश, माला ,नीमा, सरस्वती, लक्ष्मी,प्रभा, खुशबू, किरण एएनएम, प्रीती डेहरिया, भावना, रत्नेश यादव आदि का सहयोग रहा

# लोक अदालत में आपसी सहमति से 13309 मामलों का हुआ समाधान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नेशनल लोक अदालत में कुल निराकृत प्रकरणों की संख्या 13309 रही और लगभग 44 करोड़ 38 लाख रुपए के अवार्ड भी पारित हुए। लंबित रेफर्ड प्रकरणों की कुल संख्या 19685 में से निराकृत लंबित प्रकरणों की कुल संख्या 1746 रही प्रि-लिटिगेशन रेफर्ड प्रकरणों की कुल संख्या 49514, निराकृत प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों की कुल संख्या 11563,चेक बाउंस से संबंधित निराकृत 642,कुल प्रकरणों की संख्या मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित निराकृत कुल प्रकरणों की संख्या 333, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों की संख्या 493,विद्युत अधिनियम प्रकरणों की संख्या 126, श्रम विभाग से संबंधित प्रकरणों की संख्या 5,यातायात नियमों के उल्लघन संबंधी ई-टैफिक चालान 2503,जलकर एवं सम्पत्ति कर संबंधी प्रकरणों की संख्या अन्य प्रकरणों की संख्या 7790, पारिवारिक प्रकरणों की संख्या 126, बैंक रिकवरी प्रकरणों की संख्या 162 व्यवहार बाद प्रकरणों की संख्या 60, चेक बाउंस एवं मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित एक दिन में कुल प्रकरण निराकृत हुए जिनका निराकरण नियमित न्यायालय में एक वर्ष से अधिक अवधि में भी होना संभव नहीं था। नेशनल लोक अदालत में अभी तक प्राप्त आकंड़ो के अनुसार कुल निराकृत प्रकरणों की संख्या 13309, नेशनल लोक अदालत में कुल अवार्ड राशि 443814291 के पारित हुए है। प्रधान जिला न्यायधीश श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव के द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर नेशनल लोक अदालत का शनिवार को शुभारंभ किया गया ।



कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश, सचिव श्री एस.पी.एस. बुन्देला, जिला न्यायालय भोपाल के समस्त न्यायाधीशगण, पुलिस आयुक्त भोपाल श्री हरिनारायणचारी मिश्र, विशेष न्यायाधीश श्री कमल जोशी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री पी.सी. कोठारी एवं जिला अभिभाषक संघ भोपाल के सदस्यगण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय सिंह उपस्थित रहे। जिले में नेशनल लोक अदालत में कुल 62 खण्डपीठों का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय भोपाल के प्रवेश द्वार स्थित हॉल में विधि विद्यार्थियों द्वारा रंगोली बनायी गयी तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की समस्त योजनाओं के प्रिंट लगाकर आमजन को बताया गया साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनओं के पेम्पलेट वितरित किये गये।

जिला भोपाल में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रीलिटिगेशन के ट्रैफिक ई चालान जमा करने की सर्वप्रथम शुरूआत की गयी। जिसे प्रदेश के सभी महानगरो में ट्रैफिक - ई चालान के प्रीलिटिगेशन प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे जाने लगे । लोक अदालत के सफल आयोजन में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, न्यायाधीशगण का भरपूर सहयोग रहा।

# राष्ट्र को समर्थ सशक्त व समृद्ध बनाना भाजपा का लक्ष्य : आलोक शर्मा



### भाजपा गुरुनानक मंडल का बूथ विजय संकल्प अभियान कार्यक्रम वार्ड नंबर 11 के शक्ति केंद्रों का संपन्न हुआ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भाजपा गुरुनानक मंडल का बूथ विजय संकल्प अभियान कार्यक्रम वार्ड नंबर 11 के शक्ति केंद्रो का संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा भाजपा राष्ट्र को को समर्पित पार्टी है। राष्ट्र को समर्थ सशक्त व समृद्ध बनाना भाजपा का लक्ष्य है भाजपा की विचारधारा वर्ष 1950 से शुरू हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहां संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है हमें संगठन को मजबूत करने हेतु बूथ स्तर पर नए लोगों को भी जोड़ना होगा । संगठन के दिशा निर्देश के अनुसार बूथ पर 51 प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में लाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया गया।

खेल सत्र में कार्यकर्ताओं की चार टीम बनाई गई और रस्सा खीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उत्तर विधानसभा प्रभारी चेतन भार्गव ,विधानसभा संयोजक मनोज राठौर पार्षद देवेंद्र भार्गव ,पूर्व पार्षद महेश मकवाना ,कार्यक्रम संयोजक यतीन मकवाना ,वार्ड संयोजक मुकेश सोलंकी,कार्यक्रम व्यवस्थापक रामजीवन मकोरिया, कार्यक्रम नियंत्रक पी सी कनार्जी,अजय प्रजापति, संदीप कल्याणे,मनीष मकोरिया,सुरिया बाजी, विनोद हवेलिया, उपस्थित थे।

## मूंग और उड़द उपार्जन के लिए पंजीयन 19 तक

**भोपाल।** उप संचालक किसान कल?याण तथा कृषि विकास द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार वर्ष 2023 (विपणन वर्ष 2023-24) में प्राईस सपोर्ट स्कीम योजनांतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए कृषकों के पंजीयन 19 मई 2023 तक किये जाने है। कृषक पंजीयन कराने हेतु एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायबर कैफे पर अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर जानकारी के साथ मूंग खरीदी हेतु पंजीयन करा सकते है। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। एम.पी. किसान एप को प्ले स्टोर के माध्यम से एंड्रोईड मोबाइल में डाउनलोड कर, किसान स्वयं के मोबाइल से घर बैठे पंजीयन कर सकते है।

## निरंकारी सत्संग भवन बैरागढ में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 287 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**संत हिरदाराम नगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से 13 मई समर्पण दिवस पर सन्त निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन के तहत निदान्ता स्वास्थ्य वेलफेयर सोसाइटी एवम निदान पैथोलॉजी लैब द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे ब्लड प्रेशर ,हीमोग्लोबिन की कमी,क्क्ष्ख्ड्ड ,दांतो से सम्बंधित रोग,फिजोथेरपी,अन्य अनेको जांचे नि:शुल्क की गई जसमे 287 भाई/बहनो ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ सत्येन्द्र आसवानी,डॉ जितेंद्र मिश्रा,डॉ निरंजन शर्मा ,डॉ अनिल एवम पूरी टीम का तहदिल से आभार संयोजक भाईसाहब महेश वीधानी जी ने करते हुए सतगुरु माता जी से अरदास करते हुए कहा की आप जो नि:स्वार्थ मानवता की सेवा कर रहे है निश्चित रूप से आपकी पीढ़ियां सुखों की भागीदार बनेगी जांच शिविर की सुंदर व्यवस्था संचालक अशोक नाथानी, लक्ष्मणदास नाथानी, सहायक संचालिका निशा टेकवानी लेखपाल नारद कृपलानी, कैशियर प्रकाश धनकानी,शिक्षक विजय कृपलानी शिक्षिका सुषमा ग्वालानी सहायक शिक्षक विजय नाथानी ,चेरिटेबल सेवक पुरषोत्तम मूलानी मुरलीधर भोजवानी आदि द्वारा की गई।

## कलेक्टर ने आंगनबाड़ी की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर बच्चों के साथ किया भोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कलेक्टर आशीष सिंह ने शनिवार को शाहपुरा क्षेत्र स्थित 4 आंगनबाड़ी क्रमांक 768, 772, 776, 1020 का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, स्थानीय लोगों की मांग पर आंगनबाड़ी के चारों दीवार बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अक्षय पात्र के द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में 25 आंगनबाड़ी केंद्रों पर खाना सप्लाई देने की शुरुआत की है। इस व्यवस्था को देखने के लिए भी कलेक्टर आशीष सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर खाने की गुणवत्ता को देखा आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के माता-पिता और बच्चों से बात की,खाने की गुणवत्ता के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आंगबाड़ी के बच्चों के साथ बैठकर खाना खाया। बच्चों से बात कर पूछा कि खाना कैसा लग रहा है। सभी बच्चों ने और उनके माता-पिता ने बताया कि बच्चे खाना पसंद कर रहे है और घर के बजाय आंगनबाड़ी में खाना पसंद कर रहे हैं,अब आंगनबाड़ी में बच्चों की संख्या भी बढ़ गई है। बच्चे उत्साह के साथ आंगनबाड़ी में आने को जिद भी करने लगे है। अक्षय पात्र के द्वारा भोजन सप्लाई शुरू होने के बाद उसी तारतम्य में आज कलेक्टर श्री सिंह ने भोजन की क्वालिटी चेक करने और व्यवस्थाओं को देखने के लिए आंगनबाड़ी पहुंचे थे।



**भोपाल। राजधानी में इन दिनों पारा लगातार बढ़ने से दिन में गर्मी और धूप बेहाल कर रही है।**

## कर्नाटक में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत, संत नगर में जबरदस्त आतिशबाजी



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज कर्नाटक में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण किया गया। आतिशबाजी का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कैलाश मिश्रा और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व कांग्रेस पार्षद अशोक मारण की उपस्थिति में किया गया था। संत नगर ब्लॉक के समस्त कार्यकर्ता कर्नाटक की जीत से काफी उत्साहित थे और आने वाले समय में 2023 में जब मध्यप्रदेश में चुनाव होने हैं उसमें भी कांग्रेस के कार्यकर्ता जी जान से पार्टी को जिताने का कार्य करेंगे ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा राहुल गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे सोनिया गांधी एवं कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत से कर्नाटक में सरकार बनी कैलाश मिश्रा जी ने कर्नाटक की जीत पर बधाई देते हुए कहा राहुल गांधी की यात्रा एवं कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस पर विश्वास किया और आने वाले 2024 में भी पूरे देश में इसी तरह का परिणाम आएगा इस मौके पर माधु चांदवानी, जगजीत सांवले, घनश्याम लालवानी, सुरेश सिंगरौली विष्णु महाराज कुमार भानु राजेश लोहा कयूम खान तुलसी जोतवानी लीलाधर पवार ओमप्रकाश नामदेव आत्माराम सूर्यवंशी दिलीप ज्ञानचंदानी नरेंद्र केवलानी शम्मी गंगवानी प्रकाश वीधानी बबलू टेकचंदानी साहिल खान गगन भाई गगन भार्गव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कर्नाटक कांग्रेस की जीत पर भारत जोड़ो यात्रा का असर: सविता



**भोपाल।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री श्रीमती सविता अग्रवाल ने कर्नाटक की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड जीत से पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन रहा है। जनता ने लोकतंत्र की हत्यारी बीजेपी सरकार को नकार दिया है। श्रीमती अग्रवाल ने सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कर्नाटक कांग्रेस के विजयी प्रत्याशियों एवं समस्त कर्नाटक वासियों एवं देश के सभी कांग्रेस जनों को कोटि-कोटि बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा रंग लाई है एवं परिणाम प्रत्यक्ष रूप से कर्नाटक में दिखा है। आने वाले चुनाव में मध्यप्रदेश में भी भारत जोड़ो यात्रा रंग लायेगी एवं हम सभी कांग्रेस जन कंधे से कंधा मिलाकर मध्यप्रदेश में कमलनाथ जी के नेतृत्व में 2023 में कांग्रेस की सरकार बनायेंगे एवं बी जे पी की खरीद फरोख की सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगें।

## भोपाल विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने बस टर्मिनस योजना का किया निरीक्षण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल (लिली) एवं सुनील पान्डे द्वारा आज होशंगाबाद रोड पर स्थित बस टर्मिनस योजना विद्या नगर का निरीक्षण किया एवं क्षेत्र के आस पास के अतिक्रमण हटाने हेतु भोपाल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बस टर्मिनस पर वर्तमान में जो अतिक्रमण है. उसके सम्बंध में कलेक्टर महोदय से चर्चा की जायेगी उन्होने माननीय मुख्यमंत्री की मन्शा के अनुरूप योजना के शोध योजना के क्रियान्वयन हेतु भी अधिकारियों को कहा उक्त योजना के साथ अन्य योजना तैयारी सरदार बल्लभ भाई पटेल योजना का निरीक्षण किया इसके साथ ही सागर पब्लिक स्कूल के पीछे की भूमि का भी निरीक्षण किया उन्होंने मौके पर मौजूद तकनीकी अधिकारियों को प्राधिकरण के योजना स्थल की सुरक्षा हेतु बाउन्ड्रीवाल करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि योजना क्षेत्र में अतिक्रमण न हो सके। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्राधिकरण के कार्यपालन यंत्री पी. सी. चौधरी एवं एच. एस. वेदी सहायक यंत्री के साथ अन्य तकनीकी स्टाफ मौजूद था।



# नि:शुल्क मेडिकल कैंप, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का चेकअप कर इलाज किया

**भोपाल।** गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर द्वारा गुरुद्वारा टीटी नगर परिसर भोपाल में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन आज रविवार गुरुद्वारा टीटी नगर परिसर भोपाल में लगाया गया बड़ी संख्या में लोगों ने कैंप का लाभ उठाया कैंप बैसाखी के पावन पर्व को समर्पित है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के चीफ जनरल मैनेजर भोपाल डिवीजन बीनोद कुमार मिश्रा एवं विशेष अतिथि डॉ हरप्रीत सिंह सलूजा चेयरमैन सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल मेडिकल कैंप का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया मुख्य अतिथि में कहा स्टेट बैंक में मेडिकल उपकरणों के लिए 10 लाख रुपए दिए हैं जिसके ऊपर मरीजों के चेकअप के लिए गुरु नानक मेडिकल चैरिटेबल सेंटर में लगा दिए गए स्टेट बैंक जनहित में ऐसे कार्य करता है स्टेट बैंक सेवा के कार्य भी करता हूं प्रवक्ता गुरुचरण सिंह अरोरा ने बताया कि कैंप मैं विशेषज्ञ डॉक्टरों में नेत्र रोग डॉ.जगमीत कौर, डॉ.मनबीर सिंह, नाक कान गला डॉ . प्रदीप चौरे, हृदय रोग डॉ. गुरमीत सिंह, पैथोलॉजी डॉ. नमिता चौधरी, डॉ. जसप्रीत कौर, आस्थि रोग डॉ. सौरभ शर्मा, स्त्री रोग डॉ. आशा तिवारी, दंत रोग डॉ. अभिनव पांडेय , डॉ. शिवांगा पुरोहित, डॉ. सरबजीत कौर, चर्म रोग डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. पूर्वा शारदा, उधर रोग डॉ. वीरेंद्र सिंह चौधरी, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. अमरजीत सिंह चावला, डॉ. राकेश भार्गव, फिजीशियन डॉ. डी.सी. मिश्रा, डॉ.अक्षत खंडेकर, डॉ.ईशान मेवाड़ा, डॉ. हरप्रीत अरोरा, चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. विवेक अरोरा एवं ऑडियो लोजी डॉ. वैभव जैन एवं होम्योपैथिक डॉ. बी.डी.सोनी, फिजियो थेरेपी डॉ. शालिनी मौली द्वारा मरीजों मरीजों का निशुल्क चेकअप चेकअप किया।

# क्षत्रिय समाज की बैठक में शामिल हुये राजस्व एवं परिवहन मंत्री




**भोपाल।** जिला क्षत्रिय समाज की बैठक का आयोजन महाराणा प्रताप की जयंती के संबंध में होटल रॉयल पैलेस सागर में किया गया, जहां क्षत्रिय समाज के जिले भर से समाज के पदाधिकारी तथा स्वाजातीय बंधु पहुंचे। बैठक में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शामिल हुये जहां उन्होंने कहा कि तिथि के अनुसार 22 मई को क्षत्रिय समाज के गौरव महाराणा प्रताप की जयंती हम सभी धूमधाम से मनायेंगे। महाराणा प्रताप की जयंती मनाने से आश्रय उनके बलिदान तथा सौर्य को जन-जन तक पहुंचाना है। श्री राजपूत ने अपील की है कि क्षत्रिय समाज के सभी स्वाजातीय बंधु 22 मई को अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य आयोजन में शामिल होकर महाराणा प्रताप की जयंती की रैली में शामिल हों और यह कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं भव्य बनायें। बैठक में क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष हरिराम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, कृष्णा सिंह, राजकुमार बरकोटी, बलवंत सिंह, डॉ. पी.एस.ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह, एड. अनिल सिंह, रामबाबू, हरनाम सिंह, धीरज सिंह सहित समाज के सैकड़ों लोक शामिल हुये जहां सभी ने बैठक में महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर अपने अपने विचार रखे।

# पर्यटन को बढ़ावा देने हुआ मंथन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में जल, वायु एवं भूमि आधारित पर्यटन गतिविधियाँ शुरू करने की अपार संभावनाएँ हैं। प्रदेश में 22 विशाल जल संरचनाएँ हैं, जहाँ वाटर एडवेंचर एक्टिविटिज संचालित की जा सकती हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने यह बात पचमढ़ी स्थित एमपीटी ग्लेन व्यू होटल में साहसिक एवं जल-पर्यटन में संभावनाओं पर कार्यशाला में कही। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, पचमढ़ी में प्रदेश में साहसिक एवं जल-पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नवीन साहसिक गतिविधियाँ शुरू करने के उद्देश्य से 2 दिवसीय कार्यशाला कर रहा है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में 5 जल संरचनाओं पर यह गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने पूरे प्रदेश से आए एडवेंचर टूर आपरेटर्स, एडवेंचरस एक्टिविटिज का संचालन करने वाली संस्थाओं के संचालकों एवं होटल मालिकों को प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं एवं नवाचारों से अवगत कराया।

# महिलाओं के खातों में 10 जून को डाली जाएगी लाड़ली बहना योजना की राशि

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की लाड़ली बहना योजना की समीक्षा



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत अगले माह से बहनों के खाते में राशि डाली जाएगी। इसके लिए आवश्यक तैयारी कर ली जाए। कलेक्टर्स ध्यान देकर कार्यवाही करें कि हर हालत में 10 जून को बहनों के बैंक खाते में राशि डाल दी जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय के समत्व भवन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा कर रहे थे। प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि झाबुआ जिले में 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों में आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय खातों की कार्यवाही हो चुकी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने योजना की पात्र बहनों के द्वारा भेजे गए पत्रों पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनन्तिम सूची पोर्टल पर उपलब्ध है। ग्राम पंचायतों में सूची को चस्पा भी कराया जाए। आवेदनों के संबंध में प्राप्त आपत्तियों की ठीक ढंग से जाँच करें। कोई भी पात्र बहना लाभ से वंचित न रहे। बहनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्हें अनावश्यक बैंक आने की जरूरत नहीं पड़े। मुख्यमंत्री चौहान ने कलेक्टर्स से फीड बैक भी लिया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गेहूँ की खरीदी के बाद भुगतान में देरी न हो। पंचायतों में 25 लाख रूपए तक की राशि के कार्य पंचायतें ही करेंगी। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से 25 लाख रूपए तक के कार्य नहीं कराए जाएँ। निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों को अपनी पंचायत में कार्य करने का हक है। ब्याज माफी अभियान में डिफाल्टर किसानों के आवेदन भरवाए जाएँ। कल से अभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक/ महाप्रबंधक तरसेम सिंह जीरा को निर्देश दिये कि महिलाओं को बैंक के स्तर पर कोई परेशानी न हो, उन्हें बैंक न आना पड़े, यह प्रयास करें। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से संबंधित सभी कार्य बिना बाधा के संपन्न हो जाएं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से उत्साहित शहडोल जिले की सुश्री चंदा जायसवाल के पत्र का उल्लेख बैठक में किया गया, जिसमें सुश्री चंदा ने योजना से मिलने वाली राशि को परिवार के लिए महत्वपूर्ण सहारा बताया है। इसी तरह मंदसौर जिले में किसानों ने मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के संबंध में उत्साहित होकर संदेश दिया है और एक नारा बनाया है ब्याज मुक्त हुआ किसान,चेहरे पर आई मुस्कान। विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने लोकप्रिय हो रहे इस नारे का उल्लेख किया।

**मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के शुरूआती 3 दिन में लगे 33 हजार 566 शिविर:** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विगत 10 मई से शुरू हुए मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। अभियान में प्राप्त हो रहे आवेदनों का निराकरण तेजी से हो रहा है। जिन जिलों में आवेदनों के निराकरण की संख्या का प्रतिशत कम है, वहाँ कलेक्टर तेजी से निराकरण कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री चौहान निवास कार्यालय के समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान 2.0 की समीक्षा कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार, प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास दीपाली रस्तोगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिलों के जन-प्रतिनिधि, संभायुक्त और कलेक्टर्स वचुअली जुड़े।

# प्रदेश में तैयार हो रही है पर्यावरण-संरक्षक युवा फौज

**भोपाल।** देश के सबसे बड़े वन क्षेत्र से समृद्ध मध्यप्रदेश जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से जूझते विश्व के लिए एक और शुभ प्रयास कर रहा है। ख्रुस्नश्च यानि लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायरमेंट (पर्यावरण फ्रेंडली जीवनशैली) में 2100 युवाओं को लाइफ वॉलंटियर्स के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लास्गों में हुए %जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में पर्यावरण-संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए जीवन-शैली में बदलाव के प्रमुख समाधानों के रूप में मिशन लाइफ का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव की उपस्थिति में गुजरात के केवड़िया से मिशन लाइफ की ग्लोबल लांचिंग की गई।

युवाओं को जागरूक करने के साथ पर्यावरण के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यूथ फार लाइफ कार्यक्रम में प्रदेश के प्रत्येक जिले में लाइफ वालंटियर्स (स्वयंसेवी) का चयन किया जाकर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। नीति आयोग द्वारा जारी मिशन संबंधी मार्गदर्शिका के अनुसार 7 विषय- ऊर्जा की बचत एवं नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग, जल की बचत एवं संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करना, घरेलू कचरे में कमी लाना (स्वच्छता संबंधी कार्य), स्वस्थ जीवन-शैली को अपनाना, सतत् एव शाश्वत भोजन पद्धति को बढ़ावा देना और ई-वेस्ट का उचित निष्पादन को शामिल किया गया है। यूथ फार लाइफ का उद्देश्य प्रदेश में मिशन लाइफ के जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय लाइफ वॉलंटियर्स का एक निर्धारित प्रक्रिया से चयन कर उन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से प्रेरित करना है। इससे वे परिवर्तन के वाहक के रूप में समाज में कार्य कर सकेंगे। युवाओं में पर्यावरण, सतत् विकास एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर कार्य करने के लिए नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व का विकास होगा।

# रोटरी क्लब का आयोजन, संगीत संध्या मे मेरी मां के बराबर कोई नहीं...जैसे गीतों ने बांधा समां

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मदर्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल अरेरा द्वारा आयोजित संगीत संध्या मे जब मेरी माँ के बराबर कोई नही, माई रे मै कासे कहुँ अपने जिया की माई रे, तू कितनी अच्छी है तू कितनी प्यारी है ओ माँ जैसे मधुर गीतों से सुरों के जादू बिखरे तो समूचा मानो झूम उठा इस मधुर शाम मे कलाकारों ने जब अपनी अपनी माओं को अपने तरीके से याद किया तो मानो सारा जनमानस भाव विभोर हो उठा अपने अनोखे अंदाज मे कलाकारों ने तेरी आँखों के सिवा दुनिया मे रख्खा क्या है तू इस तरह से मेरी जिंदगी मे शामिल है तुम जो मिल गए हो और तारों मे सजके जैसे गीतों से भी शमा बांधा उमेश मिश्रा सुर्य प्रकाश और संगीता मुरसेनिया ने आपके हसीन रुख पे आज नया नूर है गीत सुब्रत राय, ने कलियों ने घुंघट खोला गोपाल सक्सेना ने मुझको इस रात की तन्हाई मे आवाज न दो राधा रमन त्रिपाठी ने ये शमा शमा है ये प्यार का अंजू मिश्रा ने, मेरा नाम चुन चुन चू सुमन जी ने, भीगा भीगा प्यार का शमा अनिल व पुष्पा चौहान ने, पन्ना की तमन्ना है सपना व संजय सक्सेना ने, टाइटल सांग मेरी माँ के बराबर कोई नही तौसीफ खान ने, गाता रहें मेरा दिल अजय मिश्रा ने, सारे गामा लिटिल चेम्प की सहभागी राधिका मिश्रा ने लुका चुप्पी बोहोत हुई वाशु ने सनम रे संजय सोनी ने, मेरा चाँद नज़र आया है आशीष अवस्थी ने, आपके हसीन रुख पे और हार्दिक कुमार ने, सजदा आदि गीत गाकर माहौल को रूहानियत से परिपूर्ण कर भाव विभोर कर दिया मदर्स डे के अवसर पर मेरी माँ के बराबर कोई नहीं शीर्षक गीत से उक्त म्यूजिकल इवेंट का आयोजन किया गया जिसमे तक़रीवन 19 शोकिया फनकारों के मधुर गीतों से समूचा कार्यक्रम स्थल तालियों से गूँजता रहा इस अवसर पर आदर्श अभिलाषा और आशीष ने कजरारे कजरारे गीत पर मनमोहक डांस की प्रस्तुति दी कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित के साथ की गई सभी कलाकारों को स्मृति के रूप मे गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया कलाकारों ने अपनी माँ के साथ अपने अनुभव भी साझा किए क्लब अध्यक्ष अमृता आशीष तिवारी ने अपने परिवार के अनुभव बताते हुए अपने माता पिता के साथ हुए कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी बताये, ओर परिवार को बांधे रखने के लिए उनके परिवार ओर माँ के किए गए त्याग के बारे मे बताया उन्होंने कहा की पूरी दुनिया ही सिर्फ परिवार ओर अपने बच्चे के बीच सिमटी हुई रहती है, इस अवसर पर उन्होंने सभी की माताओं को दिल से नमन कर अपनी बात पूरी की।

# एम्स में आर्थोपेडिक सर्जनों के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आर्थोपेडिक्स विभाग, एम्स 13-14 मई को ऑर्थोपेडिक सर्जन सोसाइटी के सहयोग से इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सब-कमेटी और आईओए के एमपी चैप्टर के तत्वावधान में आईओए पीडियाट्रिक ऑर्थो ट्रॉमा सीएमई का आयोजन किया।

इसके एक भाग के रूप में, 13 मई को क्लबफुट उपचार के पोंसेटी पद्धति में आर्थोपेडिक सर्जनों के प्रशिक्षण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन क्योर इंडिया के सहयोग से किया गया, जो भारत में क्लबफुट के कारण होने वाली विकलांगता के उन्मूलन के लिए समर्पित एक गैर सरकारी संगठन है, जिसके साथ एम्स भोपाल ने एक समझौता ज्ञापन किया है । कार्यशाला में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के स्नातकोत्तर छात्र और वरिष्ठ रेजिडेंट और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के डॉक्टर शामिल थे । इसके अलावा अन्य राज्यों के प्रतिभागी भी उपस्थित थे । प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और एम्स भोपाल के सीईओ, जो स्वयं एक बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक सर्जन हैं, ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और क्लबफुट वाले बच्चों की पहचान, उपचार और प्रबंधन की बारीकियों के बारे में जानने के लिए आर्थोपेडिक डॉक्टरों की आवश्यकता पर चर्चा की । क्लबफुट वाले बच्चे में विकृति न केवल बच्चे बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है । उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जहां विकसित देशों में विकृति जल्दी पकड़ में आ जाती है, वहीं भारत में निदान में कमियां हैं । उन्होंने यह भी बताया कि क्लबफुट के इलाज के लिए पोंसेटी विधि आसान, सस्ती, और सुरक्षित विधि है, इसलिए किसी को सीधे सर्जरी नहीं करनी चाहिए । नई दिल्ली के डॉ. मैथ्यू वर्गीज और डॉ. विकास गुप्ता कार्यशाला के फैकल्टी थे । वे अतीत में इलाज के पोंसेटी पद्धति पर पूरे भारत में डॉक्टरों को प्रशिक्षित करते रहे हैं । कार्यशाला के आयोजन में एम्स भोपाल से डॉ. रेहान उल हक और हड्डी रोग विभाग के फैकल्टी ने योगदान दिया । डॉ प्रतीक बेहरा, एम्स भोपाल के रिसोर्स पर्सन थे । प्रारंभिक व्याख्यानों के बाद, प्रतिभागियों ने रोगियों पर डॉ. मैथ्यू और डॉ. विकास द्वारा किए गए प्रदर्शन से कास्टिंग तकनीक के चरणों को सीखा और बच्चों के विकृत पैरों के विशेष रूप से बनाए गए रबर मॉडल पर कास्टिंग के लिए आवश्यक कौशल का प्रदर्शन किया । उन्होंने फैकल्टी की देखरेख में प्लास्टर लगाया और अपनी शंकाओं का समाधान किया । फुट एबडक्शन ब्रेस की चर्चा और रिलैप्स को रोकने के लिए ब्रेसिंग प्रोटोकॉल का पालन करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई ।

# डीजीपी ने अपराधों और उन पर नियंत्रण के लिए पुलिस की कार्रवाई की ली जानकारी

## नर्मदापुरम ज़ोन में अपराधों पर नियंत्रण और लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



हाल ही में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहा द्वारा कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर प्रदेशभर में कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और अपराधों पर नियंत्रण के लिए मप्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। इसी अनुक्रम में डीजीपी श्री सुधीर सक्सेना ने नर्मदापुरम ज़ोन में घटित अपराधों, उन पर नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई और ज़ोन की कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अपराधियों पर की जाने वाली प्रभावी कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हो। समीक्षा बैठक में नर्मदापुरम ज़ोन के आईजी इरशाद वली, डीआईजी जगतसिंह राजपूत तथा नर्मदापुरम ज़ोन के अंतर्गत आने वाले रायसेन जिले के एसपी विकास शाहवाल, नर्मदापुरम जिले के एसपी गुरकरण सिंह, बैतूल जिले के एसपी सिद्धार्थ चौधरी और हरदा जिले के एसपी संजीव कुमार कंचन उपस्थित थे।

डीजीपी सक्सेना ने समीक्षा बैठक के दौरान नर्मदापुरम ज़ोन की संपूर्ण जानकारी लेने के साथ ही वर्ष 2021, वर्ष 2022 और वर्ष 2023 में अब तक हुए अपराधों और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक समीक्षा। उन्होंने इसी अवधि के दौरान माफिया के विरूद्ध की गई कार्यवाही और चिन्हित अपराधों में दोषसिद्धि / दोषमुक्ति की भी तुलनात्मक समीक्षा की । समीक्षा बैठक में डीजीपी सक्सेना ने बलात्संग के प्रकरणों में 2 माह में चालान की स्थिति, एक वर्ष से अधिक लंबित अपराधों की स्थिति तथा वर्ष 2022 व वर्ष 2023 में 30 अप्रैल तक वारंटों की तामीली की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय के वारंटों की तामीली की स्थिति अलग से दर्शाए जाने के निर्देश दिए।

**मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार नशे के खिलाफ करें सख्त करवाई:** बैठक में डीजीपी ने अधिकारियों से ज़ोन में सायबर क्राइम की स्थिति तथा उनकी विवेचना संबंधी उपलब्ध विशेषज्ञता की जानकारी ली साथ ही वर्ष 2022 व 2023 में नारकोटिक्स संबंधी कार्रवाई तथा नशामुक्ति की दिशा में किए गए कार्यों की समीक्षा की । साथ ही उन्होंने कहा कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के बच्चों की करियर काउंसलिंग व उनके लिए बनाए जा रहे लर्निंग सेंटरों की प्रगति, एक साल से अधिक लंबित विभागीय जांच की स्थिति और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका त्वरित संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें।

**ज़ोन में पुलिस की उपलब्धियों और नवाचारों की भी ली जानकारी:** बैठक में डीजीपी सक्सेना ने अधिकारियों से ज़ोन में पुलिस ने क्या उपलब्धियां हासिल की और क्या नवाचार किए गए, उन नवाचारों को पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता और आम जनमानस पर क्या प्रभाव हुआ, पुलिस के प्रस्तावित नवाचार क्या है आदि की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नवाचार जनहितैषी हो और उनसे पुलिस और जनता के मध्य विश्वास का संबंध कायम हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। डीजीपी ने नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी निरिक्षण किया।

**लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश:** डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी हालत में ज़ोन में अपराध पर नियंत्रण रहे। उन्होंने साइबर क्रिमिनलों पर कड़ी कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किए जाने के साथ ही पुलिस अधिकारियों को लोगों को साइबर क्राइम से बचने के लिए अपने स्तर से जागरूक करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए।

**महिला, बच्चों और अजा-जजा के साथ घटित अपराधों पर विशेष ध्यान केंद्रित करें:** डीजीपी सक्सेना ने महिलाओं और बच्चों के साथ घटित अपराधों के निराकरण पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बच्चों, अजा-जजा और कमजोर वर्ग की सुरक्षा मप्र पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी पुलिस अधिकारी इनके साथ होने वाले अपराधों पर विशेष ध्यान केंद्रित करें। इनकी सुरक्षा के साथ अगर कोई खिलवाड़ करता पकड़ा जाए तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की किए जाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के साथ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# व्यवसाय - मुनाफे में कमी आई है

–राकेश दुबे

500 के आसपास सूचीबद्ध कंपनियों के चौथी तिमाही (जनवरी–मार्च 2023) नतीजों का परीक्षण करें तो यह संकेत साफ़ मिलता है कि मुनाफे में कमी आई है। कहने को कंपनियों का राजस्व बढ़ा है और खपत में सुधार के भी संकेत नजर आए थे और आ रहे हैं। इसके विपरीत मुद्रास्फीति के कारण लागत में भी इजाफा हुआ है। फाइनैंसिंग की बढ़ी हुई लागत और वेतन का बढ़ता हुआ बिल भी मार्जिन को प्रभावित कर रहे हैं। इस समस्त नमूने के लिए परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ा है इसके साथ परिचालन व्यय में भी 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कर्मचारियों से संबंधित लागत 23 प्रतिशत तथा ब्याज लागत 37 प्रतिशत बढ़ी। परिचालन मुनाफा 16 प्रतिशत बढ़ा लेकिन फाइनैंसिंग की बढ़ी हुई लागत की वजह से शुद्ध मुनाफा 0.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कमोबेश स्थिर बना रहा।

वैसे अगर रिफाइनरी, बैंक और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों जैसे उतार–चढ़ाव वाले क्षेत्रों को इससे बाहर कर दिया जाए तो नतीजे और खराब नजर आते हैं। उस स्थिति में राजस्व में 12 प्रतिशत का इजाफा है लेकिन परिचालन मुनाफा 4 प्रतिशत कम जबकि शुद्ध मुनाफा 11 प्रतिशत से कम है। इसके अलावा ब्याज लागत 39 प्रतिशत बढ़ जाती है। एक तरह से देखा जाए तो यह आर्थिक हालात का सामान्यीकरण है। पिछले वित्त वर्ष में कॉर्पोरेट मुनाफा बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत के बराबर हो गया था जो अनुपात के हिसाब से एक दशक का उच्चतम स्तर था।

यह कम मुद्रास्फीति, कर कटौती और लागत कटौती के मिश्रण की बदौलत हुआ। ब्याज–मुद्रास्फीति चक्र वित्त वर्ष 2023 में स्पष्ट रूप से पलट गया। केंद्रीय बैंक ने मई 2022 में दरें बढ़ाना शुरू कर दिया था और कंपनियों के पास कटौती की गुंजाइश नहीं है। दरों में इजाफे के बावजूद चौथी तिमाही में बैंकों का प्रदर्शन मजबूत रहा। 25सूचीबद्ध बैंकों के नमूने में ऋण विस्तार 32 प्रतिशत हो गया और शुल्क आधारित आय में 24 प्रतिशत का इजाफा हुआ। बहरहाल, ब्याज लागत में भी 36 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इस बीच ऋण–जमा अनुपात में सख्ती आई और बैंकों ने फंडिंग के लिए अधिक भुगतान करना शुरू कर दिया।

इस क्षेत्र का समायोजित शुद्ध मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़ा। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के शुद्ध मुनाफे में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ। फाइनैंसिंग की उच्च लागत से संकेत मिलता है कि जमा दरों में इजाफा हुआ है। इसका अर्थ यह हुआ कि मौद्रिक हालात में और सख्ती आएगी क्योंकि बैंक हमेशा अपनी जमा दरें थोड़ा ठहरकर बढ़ाते हैं। खपत के क्षेत्र में वाहन और दैनिक उपयोग की उपभोक्ता वस्तुओं पर विचार किया जाता है। त्वरित खपत वाली उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) की शुद्ध बिक्री 22 प्रतिशत बढ़ी, ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले आय (एबिटा) में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ और शुद्ध मुनाफा 36 प्रतिशत बढ़ा जबकि ब्याज लागत 39 प्रतिशत बढ़ी। वाहन क्षेत्र में शुद्ध बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी और एबिटा में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। वहीं शुद्ध मुनाफा 29 प्रतिशत बढ़ा। प्रमुख दोपहिया वाहन निर्माताओं की बिक्री और मुनाफा दोनों बढ़े। इससे खपत में सुधार का संकेत मिलता है।सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के नतीजे भी कॉर्पोरेट मशविरों के अनुरूप ही रहे जो सतर्कता से लेकर निराशा के अनुमान जता रहे थे। वैश्विक वृद्धि में मंदी ने यहां भी वृद्धि और मार्जिन को प्रभावित किया है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अधिकांश दिग्गज कंपनियों ने नतीजे घोषित कर दिए हैं। डॉलर के स्थिर मूल्य पर राजस्व में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई है और शुद्ध मुनाफा 7 प्रतिशत बढ़ा है।

सरकारी क्षेत्र के अधिकांश उपक्रम और औषधि क्षेत्र की कई प्रमुख

# बृजभूषण सिंह के "यौन हिंसा" के अपराध के संबंध में सही कानूनी व्यवस्था व प्रावधान क्या है?

राजीव खंडेलवाल

यौन हिंसा के अपराध के संबंध में "प्राथमिकी" दर्ज करने से लेकर जांच की प्रक्रिया, अभियुक्त की गिरफ्तारी और जमानत देने देने के संबंध में उच्चतम न्यायालय ने बार–बार अपने न्यायिक निर्णयों द्वारा विस्तृत सिद्धांत स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किए हैं। "ललिता कुमारी विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार" के निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने "अभिनंदन झा विरुद्ध दिनेश मिश्रा" में दिए अपने पूर्व के निर्णय के विपरीत यह महत्वपूर्ण सिद्धांत प्रतिपादित किया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 में यौन हिंसा से संबंधित सूचना मिलने पर जांच पुलिस अधिकारी को "प्राथमिकी" दर्ज करना अनिवार्य है। लेकिन अत्यंत दुख का विषय यह है कि इन प्रतिपादित सिद्धांतों का संबंधित क्षेत्रों अर्थात शासन–प्रशासन, जांच पुलिस अधिकारियों और अधीनस्थ न्यायालयों द्वारा पूर्णत: पालन नहीं किया जाता रहा है। यानी कि "बातें लाख की और करनी ख़ाक की"। ज्यादा दुख और चिंता का विषय यह इसलिए भी है की उच्चतम न्यायालय की आंख के नीचे ही नहीं, बल्कि स्वयं उच्चतम न्यायालय के सामने कभी ऐसी स्थिति आने पर न्यायालय का ध्यान उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों के पालन की ओर नहीं जाता है, जैसा कि इन महिला पहलवानों के प्रकरण में हुआ है।

आरोपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध 21 अप्रैल को दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में यौन हिंसा की शिकायत देने के बावजूद 24 अप्रैल तक "प्राथमिकी" दर्ज नहीं हुई। तब महिला पहलवानों द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए दिनांक 25 अप्रैल को दाखिल की गई याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने प्रारंभिक हिचक के बाद आरोपों को गंभीर बताते हुए मामले की तुरंत सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस प्रशासन को नोटिस जारी करते हुए 28 तारीख को प्रकरण सुनवाई हेतु रखा। तीसरी बार जब दिनांक 4 मई को सुनवाई हुई, तब उच्चतम न्यायालय ने यह कहते हुए याचिका कर्ता की याचिका को "पूर्ण" मानकर समाप्त (खारिज नहीं) कर दिया कि जो अनुतोष (प्रार्थना) मांगी गई है, 28 अप्रैल की हुई सुनवाई में वह "पूर्ण" कर दी गई है। अब "पंच कहें बिल्ली तो बिल्ली ही सही"। हालांकि तकनीकी रूप से उच्चतम न्यायालय का उक्त निष्कर्ष/अवलोकन (ऑब्जरवेशन) सही होने के बावजूद अधूरा है। वह इसलिए कि जब 28 तारीख को सुनवाई के लिए मामला उच्चतम न्यायालय के पास आया, तब उच्चतम न्यायालय के कोई आदेश–निर्देश देने के पूर्व ही दिल्ली पुलिस के ओर से इस बात का हलफनामा तस्दीक कर प्रस्तुत की गई कि वह महिला पहलवानों द्वारा दायर की गई शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर लेंगे। तदनुसार प्राथमिकी परन्तु उसी दिन दर्ज न होकर दूसरे दिन दर्ज हुई। 6 दिन बाद 3 तारीख की रात्रि को कनॉट प्लेस में पुलिस द्वारा उनके दुर्व्यवहार व मारपीट की हुई घटना के बाद दिनांक 4 मई को उच्चतम न्यायालय में जब महिला पहलवानों की ओर से मामले को तीसरी बार पुन: मेंशन (उल्लेख) कर उक्त दुर्व्यवहार का उल्लेख के साथ न्यायाधीश सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच की मांग की गई, तब उच्चतम न्यायालय द्वारा सुनवाई करते समय तक मात्र दो महिला पहलवानों के बयान ही दर्ज हुए थे। तब तक अभियुक्त का कोई बयान न तो दर्ज किए गया था और न ही दर्ज करने का कोई प्रयास पुलिस द्वारा अपनी केस डायरी में बतलाया गया। साथ ही मजिस्ट्रेट के समक्ष धारा 164 के अंतर्गत भी बयान नहीं हुए थे, जैसा कि स्वयं न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए पूछा था। कहते हैं ना कि "कच्ची सरसों पैर के खाली होय ना तेल"। विपरीत किसके बृजभूषण सिंह बेशर्मी के साथ विभिन्न न्यूज चैनलों में आकर "खूंटे के दम पर कूदने वाले बछड़े" के समान खुद को बाहुबली समझने वाले अपनी दंभता को प्रदर्शित करते हुए महिला पहलवानों को एक तरह से डराने का ही काम कर रहा था।

उच्चतम न्यायालय अपने पूर्व निर्णयों में स्पष्ट रूप से यह सिद्धांत प्रतिपादित कर चुका है की "यौन हिंसा" जैसे संज्ञेय अपराध मामलों में शिकायत आने पर बिना कोई प्राथमिक जांच किए तुरंत "प्राथमिकी" दर्ज न करने पर संबंधित पुलिस अधिकारी के विरुद्ध धारा 166 ए के अंतर्गत ड्यूटी व कर्तव्य न निभाने के अपराध का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। ऐसी स्पष्ट कानूनी स्थिति में उच्चतम न्यायालय ने महिला पहलवानों द्वारा प्रथम बार जनवरी में शिकायत करने पर और बाद में 21 अप्रैल को थाने में शिकायत करने पर भी प्राथमिकी दर्ज न करके कानून की अवहेलना की गई। प्रकरण में हुई इस गंभीर त्रुटि की स्थिति के उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के समय विद्यमान रहने के बावजूद उच्चतम न्यायालय ने प्रथम दृष्टया उक्त घटित अपराध का संज्ञान लेकर दिल्ली ललिता कुमारी विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार (वर्ष 2013) में स्वयं को प्रतिपादित सिद्धांत (प्रिंसिपल लेडडाउन) के प्रकाश में दिल्ली पुलिस के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को जांच पुलिस अधिकारियों के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए नोटिस क्यों नहीं जारी किया? जो न केवल न्यायालय के क्षेत्राधिकार में था, बल्कि पूरा न्याय दिलाने के लिए उनका यह "न्यायिक कर्तव्य" भी था। ठीक वैसे ही जैसे मोहम्मद अतीक अहमद की हत्या के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते समय उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय सरकार से उसके पूर्व एनकाउंटर में मारे गए दोनों अपराधी अरशद एवं अशरफ की स्टेटस रिपोर्ट को भी मांगा था, यद्यपि जिसकी सुनवाई उस समय उच्चतम न्यायालय के समक्ष नहीं थी। वास्तव में महिला पहलवानों की याचिका में "'जांच अधिकारियों द्वारा अपने कर्तव्य पालन में असफल रहने का अपराध इन–बिल्ट" (छुपा हुआ) होकर शामिल था। यद्यपि यह बात भी सत्य है कि याचिकाकर्ता के वकील को भी इस अपराध का संज्ञान लेने के लिए उच्चतम न्यायालय का ध्यान आकर्षित करना चाहिए था। लेकिन यह बात भी तो सही है कि उच्चतम न्यायालय तो कई बार समाचार पत्रों में छपी खबरों का टीवी चैनल में आए न्यूज का संज्ञान लेते रहे हैं।

वास्तव में उपरोक्त कानूनी और न्यायिक स्थिति को देखते हुए प्रस्तुत प्रकरण में "निम्न कमियां प्रथम दृष्टया" स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हो रही है। प्रथम पुलिस द्वारा 6 महिलाओं की एक ही एफआईआर दर्ज की गई, जो कानूनन बिल्कुल गलत है। प्रत्येक पीड़िता महिला की "प्राथमिकी" अलग–अलग दर्ज की जानी चाहिए थी। द्वितीय पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज हो जाने पर अभियुक्त की गिरफ्तारी आम तौर पर अनिवार्य होती है, जो प्रकरण में अभी तक नहीं की गई है। तृतीय समस्त पीड़ितों के धारा 161 के तहत बयान लेने में न केवल काफी देरी की गई बल्कि समस्त पीड़ितों के बयान भी अभी तक नहीं लिए गए। चतुर्थ पुलिस द्वारा धारा 161 के अंतर्गत बयान लिये जाने के बाद धारा 164 के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़ितों के बयान पुलिस द्वारा कराये जाने का कोई प्रयास अभी तक नहीं किया गया। पंचम त्रुटि अपराध जहां–जहां घटित हुए हैं, वे घटना स्थलों की कोई जांच पुलिस द्वारा अभी तक नहीं की गई। छठवीं गंभीर त्रुटि पीड़िता की मेडिकल जांच भी नहीं की गई, जो यौन अपराधों में निहायत जरूरी होती है। शिकायतकर्ता से गवाहों की कोई सूची भी नहीं मांगी गई है, जो भी एक लापरवाही है। अभियुक्त बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध अपराध धारा 354, 354 ए एवं डी के अलावा धारा 34 के अंतर्गत दर्ज होना भी समझ से परे है। क्योंकि यहां पर तो अभियुक्त मात्र एक ही व्यक्ति है, जब की धारा 34 के लिए एक से अधिक व्यक्तियों का समान (कॉमन) आशय के साथ होना आवश्यक है।

इन सब गंभीर त्रुटियों, लापरवाहियों को देखते हुए स्पष्ट है कि, जांच पुलिस दल द्वारा "जांच" को किस "दिशा" में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है? यह अपने आप में स्पष्ट है। खासकर, यदि आप यह तथ्य भी दिमाग में लायेंगे कि अपराधी एक बाहुबली, डॉन सत्ताधारी पार्टी का सांसद बृजभूषण सिंह की बजाए एक सामान्य नागरिक होता, क्या तब भी पुलिस जांच की कार्रवाई इसी तरह से दिशाहीन व धीमी गति से होती? मामला जब एक बार उच्चतम न्यायालय में जा चुका है और जांच प्रक्रिया के दौरान हुई किन्हीं भी कमियों को सुधारें जाने के लिए पीड़िता मामले को पुन: उच्चतम न्यायालय अथवा उच्च न्यायालय में ले जा सकती है। इस तथ्य के बावजूद पुलिस जांच दल की चल रही कुछ आपत्ति से कार्य प्रणाली, साहस की नहीं बल्कि "दु:साहस" की तो दाद देनी ही होगी।

उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रकरण जब अंतिम बार सुनवाई हेतु आया, तब पुलिसिया जांच प्रक्रिया में हुई उपरोक्त लगभग समस्त त्रुटियों/कमियों न्यायालय के समक्ष मौजूद थी। इनमें से तो कुछ त्रुटियों पर तो न्यायालय ने दिल्ली पुलिस को फटकार तक लगाई थी। बावजूद इसके उच्चतम न्यायालय ने कर्तव्य का पालन न करने वाले त्रुटि कर्ता पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई करने के निर्देश नहीं दिये। इस तथ्य के रहते कि मुख्य न्यायाधीश का सुनवाई के दौरान यह कथन कि स्वयं व्यक्तिगत रूप से इस मामले का पर्यवेक्षण करेंगे। ऐसी स्थिति में उपरोक्त त्रुटियों/कमियों के रहते उनका "उपचार" किए बिना 4 मई को प्रकरण को पूरा होकर समाप्त करना "पूर्ण न्याय नहीं" है। वैसे भी अनुच्छेद 142 के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय के पास अंतर्निहित शक्तियां (इन्हेरेंट पावर्स) है, जिसका उपयोग करके उच्चतम न्यायालय उपरोक्त समस्त कमियों को दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सकता था, जो करना चाहिए था, परंतु न्यायालय ने नहीं किया। यह उच्चतम न्यायालय की त्रुटि है, जैसा कि मैं पहले ही ऊपर पैरा में स्पष्ट कर चुका हूं। अभी हाल में ही 9 मई को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यौन शोषण के आरोप में दोषी ठहराया जा कर 50 करोड़ रू. का जुर्माना लगाया गया है। बृजभूषण सिंह शरण का व्यक्तित्व ट्रंप के बराबर का तो नहीं है? हां वह सत्ताधारी पार्टी का सांसद जरूर है, जबकि अमेरिका में ट्रंप मुख्य विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन के नेता हैं। 'पृष्ठभमि' के अंतर को यह 'सत्य' ही शायद बृजभूषण सिंह शरण को बताते हुए है।

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)

विश्व परिवार दिवस, 15 मई 2023 पर विशेष

# परिवार ही घर को मन्दिर बनाता है

?ललित गर्ग?

देश एवं दुनिया को परिवार के महत्व को बताने के लिए विश्व परिवार दिवस हर साल 15 मई को मनाया जाता है। प्राणी जगत एवं सामाजिक संगठन में परिवार सबसे छोटी इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी–न–किसी परिवार का सदस्य होकर ही अपनी जीवन यात्रा को सुखद, समृद्ध, विकासोन्मुख बना पाता है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। हमारी संस्कृति और सभ्यता अनेक परिवर्तनों से गुजर कर अपने को परिष्कृत करती रही है, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। वह बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि एवं जीवन की परिपूर्णता–सार्थकता अनुभव करते हैं। परिवार का महत्व न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सर्वत्र है, यही कारण है कि अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस परिवार संस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को परिवार के प्रति जागरूक करना है ताकि युवा तथाकथित आधुनिक के प्रवाह में अपने परिवार से दूर न हों।

परिवार दो प्रकार के होते हैं– एक एकल परिवार और दूसरा संयुक्त परिवार। एकल परिवार में पापा– मम्मी और बच्चे रहते हैं। संयुक्त परिवार में पापा– मम्मी, बच्चे, दादा दादी, चाचा, चाची, बड़े पापा, बड़ी मम्मी, बुआ इत्यादि रहते हैं। इस दिवस मनाने की घोषणा सर्वप्रथम 15 मई 1994 को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने की थी। संयुक्त परिवार टूटने एवं बिखरने की त्रासदी को भोग रहे लोगों के लिये यह दिवस बहुत अहमियत रखता है। बढ़ती जवाबदारी और जरूरतों को पूरा कर पाने का भय ही वह मुख्य कारण है जो अब संयुक्त परिवारों के टूटने का कारण बना है। जबकि वास्तव में मानव सभ्यता की अनूठी पहचान है संयुक्त परिवार और वह जहाँ है वहीं स्वर्ग है। रिश्तों और प्यार की अहमियत को छिन्न–भिन्न करने वाले पारिवारिक सदस्यों की हरकतों एवं तथाकथित आधुनिकतावादी सोच से बुढ़ापा कांप उठता है। संयुक्त परिवारों का विघटन और एकल परिवार के उद्भव ने जहां बुजुर्गों को दर्द दिया है वहीं बच्चों की दुनिया को भी बहुत सारे आयोजनों से बेदखल कर दिया है। दुख सहने और कष्ट झेलने की शक्ति जो संयुक्त परिवारों में देखी जाती है वह एकल रूप से रहने वालो में दूर–दूर तक नही होती है। आज के अत्याधुनिक युग में बढ़ती महंगाई और बढ़ती जरूरतों को देखते हुए संयुक्त परिवार समय की मांग कहे जा सकते हैं।

हम पुराने युगों की बात करें या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर भी बात करें तो आज की ही तरह पहले भी परिवारों का विघटन हुआ करता था। लेकिन आधुनिक समाज में परिवार का विघटन आम बात हो चुकी है और उसने जीवन को जटिल से जटिलतर कर दिया है। ऐसे में परिवार न टूटे इस मिशन एवं विजन के साथ अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। परिवार के बीच में रहने से आप तनावमुक्त व प्रसन्नचित्त रहते हैं, साथ ही आप अकेलेपन या डिप्रेशन के शिकार भी नहीं होते, यही नहीं परिवार के साथ रहने से आप कई सामाजिक बुराइयों से अछूते भी रहते हैं। समाज की परिकल्पना परिवार के बगैर अधूरी है और परिवार बनाने के लिए लोगों का मिलजुल कर रहना व जुड़ना बहुत जरुरी है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। भारत गांवों का देश है, परिवारों का देश है, शायद यही कारण है कि न चाहते हुए भी आज हम विश्व के सबसे बड़े जनसंख्या वाले राष्ट्र के रूप में उभर चुके हैं और शायद यही कारण है कि आज तक जनसंख्या दबाव से उपजी चुनौतियों के बावजूद, एक 'परिवार' के रूप में, जनसंख्या नीति बनाये जाने की जरूरत महसूस नहीं की।

ईंट, पत्थर, चूने से बनी दीवारों से घिरा जमीं का एक हिस्सा घर–परिवार कहलाता है जिसके साथ 'मैं' और 'मेरापन' जुड़ा है। संस्कारों से प्रतिबद्ध संबंधों की संगठनात्मक इकाई उस घर–परिवार का एक–एक सदस्य है। हर सदस्य का सुख–दुख एक–दूसरे के मन को छूता है। प्रियता–अप्रियता के भावों से मन प्रभावित होता है। घर–परिवार जहां हर सुबह रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की जुगाड़ में धूप चढ़ती है और आधी–अधूरी चिंताओं का बोझ ढोती हुई हर शाम घर–परिवार आकर ठहरती है। कभी लाभ, कभी हानि, कभी सुख, कभी दुख, कभी संयोग, कभी वियोग, इन द्वंद्वात्मक परिस्थितियों के बीच जिंदगी का कालचक्र गति करता है। भाग्य और पुरुषार्थ का संघर्ष चलता है। आदमी की हर कोशिश 'घर–परिवार' बनाने की रहती है। सही अर्थों में घर–परिवार वह जगह है जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन सुख–दुख की साझेदारी, सबमें सबक होने की स्वीकृति जैसे जीवन–मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का पूरा अवकाश है। अनुशासन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली से जीता है। वृद्धत्व जीए गए अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसा घर–परिवार निश्चित रूप से पूजा का मंदिर बनता है।

संयुक्त परिवारों की परम्परा पर आज धुंधलका छा रहा है, परिवार टूटता है तो दीवारें भी ढहती हैं, आदमी भी टूटता है और समझना चाहिए कि उसका साहस, शक्ति, संकल्प, श्रद्धा, धैर्य, विश्वास बहुत कुछ टूटता/बिखरता है। क्रांति और विकास की सोच ठंडी पड़ जाती है और जीवन के इसी पड़ाव पर फिर परिवार का महत्व सामने आता है। परिवार ही वह जगह है भाग्य की रेखाएं बदलने का पुरुषार्थी प्रयत्न होता है। जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का कोलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों की त्रासदी की घुटन नहीं। कोई इसी परिवाररूपी घेरे के अंधेरे में रोशनी ढूंढ लेता है। बाधाओं के बीच विवेक जमा लेता है। भीड़ में अकेले रह जाता है। दुख में सुख का संवेदन कर लेता है। घर–परिवार को सिर्फ अपनी नियति मानकर नहीं बैठा जा सकता। क्योंकि इसी घर में मंदिर बनता है और कहीं घर ही मंदिर बन जाता है। कहते हैं कि आपका काम, रबड़ की गेंद है, जिस पर जितना जोर देते हैं, वह उतना ऊंचा उठता है। पर आपका परिवार कांच की गेंदें हैं, जो हाथ से छूटती हैं तो टूट ही जाती हैं। कई बार हम सब भूल जाते हैं कि जीवन में सबसे जरूरी क्या है। हम इधर–उधर की बातों में इतना डूब जाते हैं कि जो सच में जरूरी है, उसे छोड़ देते हैं।


# माँ दिवस - माता के समान कोई छाया नहीं

योग गुरु महेश अग्रवाल

हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है. इस बार मदर्स डे आज यानी 14 मई को मनाया जा रहा है। बच्चे चाहे जितने भी बड़े हो जाएं लेकिन मां के लिए बच्चे ही रहते हैं। मां और बच्चे का रिश्ता बेहद खास होता है। मां के समर्पण और प्रेम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मदर्स डे मनाया जाता है। शिशु को गर्भ में धारण करने वाली शाश्वत माता अनन्त काल से उर्वरता, प्रचुरता और उत्पादकता की प्रतिरूप रही है तथा गर्भावस्था सृजनात्मक चेतना एवं आशावादिता का मौलिक प्रतीक है। यद्यपि गर्भावस्था एक सामान्य स्थिति है; फिर भी यह अपने आप में एक सम्पूर्णता का अनुभव है। यह एक विशिष्ट अवस्था है। शरीर और मन की अंतरंगता का यह प्रभावशाली उदाहरण है। यह एक ऐसी अवस्था है जब स्त्री के अस्तित्व के विभिन्न आयामों के बीच समस्वरता का होना अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। योग के अभ्यास माता के साथ शिशु के शारीरिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास को संयोजित करते हुए शरीर और मन को सर्वोत्तम स्वास्थ्य प्रदान करते हैं।

गर्भधारण का विचार करना – गर्भधारण के पूर्व योग का नियमित अभ्यास गर्भावस्था के लिए आदर्श पृष्ठभूमि है। भावी माता आसनों के अभ्यास के द्वारा अच्छे समन्वय सहित लचीलापन और सुनम्यता प्राप्त कर लेती है। तब प्राणायाम दो जीवों के लिए पर्याप्त प्राणशक्ति से परिपूर्ण करना सुनिश्चित करता है और ध्यान मातृत्व से जुड़ी परम्पराओं के अनुरूप स्वच्छता का विकास करता है।

योग का अभ्यास एक असाधारण आध्यात्मिक क्षमताओं वाले शिशु का आतिथेय करने की दृष्टि से माता–पिता दोनों के लिए महत्त्वपूर्ण होगा। यह सम्भव है कि शिशु आंशिक या पूर्णरूपेण जाग्रत कुण्डलिनी के साथ उत्पन्न हो। इस प्रकार के व्यक्ति जन्म से ही आध्यात्मिक रूप से विकसित होते हैं और मानवता के प्रति उनका महान् योगदान हो सकता है। इस प्रकार के बच्चे बिरले ही होते हैं और बिरले ही होते हैं वे माता–पिता जो इस प्रकार के बच्चों को इस जगत् में लाते हैं, फिर भी हमें यह कभी भूलना नहीं है कि उसकी सम्भावना तो है ही। प्रत्येक बच्चे का गर्भ में प्रतिरोपण यदि माता–पिता की आध्यात्मिक पृष्ठभूमि पर हो तो यह अभिभूत करने वाला तथ्य होगा, क्योंकि उन बच्चों की चेतना का गठन एवं पोषण माता–पिता के आध्यात्मिक तत्त्वों से होगा।




गर्भावस्था में योग अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हो सकता है, यहाँ तक कि नये लोगों के लिए भी, क्योंकि वे पायेंगे कि इनमें से अधिकतर अभ्यास उनकी क्षमताओं की सीमा के अन्दर हैं।

सफल गर्भावस्था एवं प्रसूति के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों के विकास पर बल दिया जाना चाहिए –

उदर की मांसपेशियाँ – उदर क्षेत्र के सबल रहने पर बच्चे को उचित विकास के साथ उन्हें कुशलतापूर्वक धारण किया जा सकेगा। प्रसूति के क्रम में बच्चे को गर्भाशय से बाहर निकालने में इन मांसपेशियों का सबसे अधिक महत्त्व होता है। इस क्षेत्र के लिए सुप्त वज्रासन, शशांकासन, उष्ट्रासन, हंसासन, मत्स्यासन एवं शक्तिबन्ध श्रृंखला के आसन महत्त्वपूर्ण हैं।

मेरुदण्ड – स्नायुतन्त्र की उपयुक्त कार्यशीलता एवं सामान्य लचीलेपन के लिए सबल और स्वस्थ मेरुदण्ड का होना अनिवार्य है। गर्भावस्था में बच्चे के अतिरिक्त भार के कारण प्राय: कन्धों में झुकाव आ जाता है जिसे एक सबल मेरुदण्ड रोक सकता है। इसके लिए सर्वाधिक अनुमोदित आसन हैं – सुप्तवज्रासन, मार्जारी आसन, व्याघ्रासन, अर्ध–मत्स्येन्द्रासन, पश्चिमोत्तानासन, भुजंगासन एवं सूर्य नमस्कार।

पीठ की मांसपेशियाँ– बच्चे के अतिरिक्त भार से पीठ की मांसपेशियों में भी बहुत तनाव उत्पन्न होता है। इसलिए इन मांसपेशियों के सशक्त होने से भी लाभ होगा। भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, हलासन, सर्वांगासन, शशांकासन एवं सुप्त वज्रासन इसके लिए उपयुक्त रहेंगे।

श्रोणि प्रदेश (पेल्विस) – तनावमुक्त और लचीला श्रोणि प्रदेश प्रसूति को सुगम बना देता है। मार्जारी आसन, शशांकासन, व्याघ्रासन, मत्स्यासन, पालथी में बैठकर किये जाने वाले सभी आसन, सिद्ध योनि आसन तथा इसी प्रकार के अन्य आसन श्रोणि के लिए उपयोगी हैं।

यौगिक आसनों का सन्तुलित कार्यक्रम इस मर्मस्थलीय क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण स्थलों के क्रमिक विकास के लिए उपयुक्त होगा।

एक दीक्षा – हर बार जब एक स्त्री योग की सहायता से बच्चे को जन्म देती है तो वह अपने शरीर, मन तथा आत्मा की क्षमताओं को जीवन की मौलिक शक्तियों तथा चेतना के व्यष्टि एवं समष्टि रूपों के साथ संयुक्त कर देती है। जन्म होना बच्चे के लिए प्रारम्भिक दीक्षा के समान है, और यह माता के लिए अपने आध्यात्मिक नवीनीकरण का अवसर है, इन कठिन क्षणों में अपनी क्षमताओं का स्वाभाविक उत्कर्ष ब्रह्माण्डीय घनिष्ठता के द्वार खोल देता है।

भारतीय संस्कृति मातृसत्तात्मक हैं। मातृसत्तात्मक धर्म अत्यन्त उदार एवं सुनम्य हैं। उनमें दूसरों के प्रति अत्यधिक सहानुभूति एवं करुणा होती है जो मूलत: स्त्री स्वभाव को प्रतिबिम्बित करती है। मातृसत्तात्मक धर्मों ने जीवन को अनेक प्रकार से सौन्दर्य प्रदान किया है, योग, तन्त्र, ललित कलाओं – संगीत, नृत्य, चित्रकारी इत्यादि के माध्यम से।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन–1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन–2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई–मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# 20 वाहन कल से स्वच्छता कार्य में करेंगे कचरा कलेक्शन



**छतरपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत छतरपुर जिले में कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में शहरों और वार्डों को स्वच्छ बनाने कार्य निरंतर जारी है। नगर पालिका छतरपुर द्वारा कचरा कलेक्शन के लिए खरीदे गए 20 वाहनों का कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ विभाग द्वारा तत्काल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी की गई है। 13 मई से शहर के विभिन्न वार्डों में कचरा वाहनों द्वारा कचरा कलेक्शन किया जाएगा। आम नागरिकों से घरों व दुकानों से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन में डालने के बाद सीधे कचरा गाड़ी में डालने की अपील गई है।

# संत रविदास स्वरोजगार योजना का उठाएं लाभ

**छतरपुर।** म.प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल की संचालित योजनांतर्गत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या0 छतरपुर द्वारा योजनांतर्गत अनुसूचित वर्ग के पात्रताधारी आवेदक जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते हैं उनके आवेदन आमंत्रित किये जाते है। योजना एवं पात्रता की शर्तें निम्नानुसार है। संत रविदास स्वरोजगार योजनांर्गत (विनिर्माण इकाई के लिये) न्यूनतम 1 लाख से 50 लाख तक परियोजना लागत होगी। सेवा (सर्विस) इकाई खुदरा व्यवसाय हेतु 1 लाख से अधिकतक 25 लाख तक परियोजना लागत होगी। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतक 7 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जायेगा। आवेदक को अनुसूचित जाति का व्यक्ति हो इसके लिए जाति एवं निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य हो। आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 08 वी उत्तीर्ण हो। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 12.00 लाख से अधिक न हो।

# आपदाओं से निपटने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**छतरपुर।** आपदा प्रबंध संस्थान एवं गृह मंत्रालय भोपाल के निर्देशन एवं जिला प्रशासन छतरपुर के समन्वय से आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार की उपस्थिति में जिला पंचायत सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। कार्यशाला के माध्यम से स्वयं सेवी संस्थाओं एवं समुदाय आधारित संगठन के प्रतिनिधियों को आपदाओं से निपटने जागरूक किया गया इस दौरान संस्थान के संयुक्त संचालक डॉ. जार्ज व्ही.जोसेफ गृह विभाग भी उपस्थित रहे। कार्यशाला से समुदाय स्तर पर आपदा से संबंधित की जाने वाली आवश्यक तैयारियों, ग्राम आपदा प्रबंधन योजना की आवश्यकता एवं दिन प्रतिदिन होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जानकारी साझा की गई।

# श्रीशनि जन्मोत्सव एवं स्थापना दिवस 19 मई को

सिवनी– शनिवार से ज्येष्ठ का महिना शुरू हो गया है जो कि 4 जून तक रहेगा, ज्येष्ठ माह में विशेष बडे पर्व एवं व्रत होंगे, विशेष रूप से इस महिने में शनि जयंती से लेकर गंगा दशहरा निर्जला एकादशी सहित विशेष पर्व है इस महिने 25 मई से नौ तपा शुरू होगा, साथ ही नौतपा में रोहणी लगेगी। श्री शनि जन्मोत्सव एवं स्थापना दिवस के अवसर पर 19 मई को छिंदवाडा रोड रेल्वे क्रासिंग के पास भव्य आयोजन किया जा रहा है आयोजन शनि मंदिर समिति जगदीश गुप्ता ने बताया कि 19 मई को प्रात÷5 बजे अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन 7 बजे तक दिव्य श्रृगांर आरती एवं वैदिक ब्रम्हणों बालकों द्वारा वेद पाठ और दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक मंडल पूजन, हवन महाआरती तथा महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। तथा समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ कमायें।

# रायसेन के चारों विस के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री ने की बैठक



बरेली 7 चुनाव की सरगर्मियां तेज होते ही राष्ट्रीय स्तर के नेता विधानसभा का फीडबैक लेने लगे हैं प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने जिला संचालन समिति की बैठक ली जिसमें रायसेन जिले के चारों विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा,प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा,सांसद राव उदयप्रताप सिंह,पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सिलवानी रामपाल सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री एवं भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल,वरिष्ठ भाजपा नेता हरनाम सिंह राजपूत , वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह कुशवाहा, जोधा सिंह अटवाल, नरेंद्र शिवाजी पटेल इस दौरान उपस्थित रहे।

# रोजगार सहायक ने लगाई फांसी दीपना खेड़ा पुलिस ने मर्ग किया कायम

सिरोंज। दीपनाखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम करैया हाट में ग्राम रोजगार सहायक ने गांव के पास ही खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्म हत्या। सूचना मिलने पर दीप ना खेड़ा से पुलिस पहुंची पेड़ पर से शब को नीचे उतारा उसके बाद लाश शासकीय जन चिकित्सालय सिरोंज लाया गया जहां पर पीएम के बाद लाश परिजनों को सौंप दी। थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह से ही ग्राम रोजगार सहायक राजाराम जाटव अपने घर से गया था दोपहर तक वापस नहीं आया तो घर वालों ने फोन लगाया फोन भी नहीं उठाया तो आशंका होने पर घर वालों ने आसपास खोजबीन की तो पता चला कि पेड़ पर सब लटका हुआ दिखाई देने की सूचना मिली इसके बाद ऐसे ही हमें सूचना मिली तो हमने मौके पर पुलिस को भेजकर सबको सिरोंज अस्पताल में भेजा जहां से पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी मर्ग कायम कर के मामले को जांच में लिया है इसके बाद ही कारणों की जानकारी सामने आ पाएगी। इधर ग्राम रोजगार सहायक की आत्महत्या की जानकारी लगते ही रोजगार सहायकों संगठन को लगी तो सभी ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए राशि एकत्रित करने का निर्णय लिया ने परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए।

# पाराशरी नदी को जीवित करने के लिए उठा अच्छा कदम

## नदी को गहरीकरण का कार्य में तेजी के निर्देश

गंजबासौदा। अब एक सप्ताह के भीतर बड़ी पोकलेन मशीन के जरिए पाराशरी नदी के गहरीकरण का काम शुरू करवा दिया जाएगा। यह काम आपसी जनसहयोग के माध्यम से पूरा होगा जिसमें, नगर पालिका परिषद पूरा सहयोग करेगी। शुक्रवार के दिन एसडीएम विजय राय ने सुबह-सुबह वार्ड क्रमांक 9 से गुजरी पाराशरी नदी के निरीक्षण के बाद उसके गहरीकरण पर चिंता जताते हुए यह काम तीव्र गति से करने के निर्देश नगर पालिका सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर को दिए।

यहां यह जानना बहुत जरूरी है कि पाराशरी नदी उथली और सकरी होती जा रही है और उसमें कचरे का ढेर भी पड़ा हुआ है। पूर्व में पंचतत्व संस्था के अलावा कई सामाजिक संगठनों ने भी पाराशरी गहरीकरण की मांग उठाई थी। यहां तक की वेदांत आश्रम डॉक्टर स्वामी राम कमल दास वेदांती जी महाराज ने भी पाराशरी के सौंदर्यीकरण और



गहरीकरण की अलग जलई थी। जिसके बाद अब एसडीएम विजय राय के निर्देश के बाद पाराशरी को जीवित करने की आस जग गई है।

### बढ़ाई जा सकती है रिटेनिंग वॉल और सीसी

पूर्व में किए गए निरीक्षण के बाद अब धरातल पर काम शुरू करवाने की ओर एसडीएम विजय राय ने कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। उन्होंने वार्ड क्रमांक 9 से गुजरे नवीन निर्माणाधीन सीसी मार्ग और रिटर्निंग वॉल को भी आगे तक बढ़ाए जाने की बात कही ताकि बरसात में जलभराव की स्थिति ना हो और आवागमन भी बना रहे। एसडीएम श्री राय ने पाराशरी नदी के किनारे लगे अनुपयोगी बबूल के पेड़ों को भी वहां से हटवाए जाने के लिए नपा कर्मियों को निर्देशित किया।

### पार्क की जल्द बदलेगी दिशा और दशा

मदन भैया क्लब पार्क में पहुंचे एसडीएम विजय राय, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, विजय अग्रवाल, प्रमोद राजपूत योगेंद्र समैया, नपा सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर, तहसीलदार मनीष जायसवाल आदि ने पार्क के अंदर मिट्टी डलवाए जाने का विचार किया। इस काम में पाराशरी गहरीकरण से निकली मिट्टी का प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा पेवर ब्लॉक की जगह पत्थर के टाइल्स किनारों पर लगवाए जाने की मंशा जाहिर की। जिस पर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस पार्क की दशा और दिशा जल्द से जल्द बदली जाएगी। ताकि नागरिक अपने परिजनों के साथ यहां कुछ समय गुजार सकें। पार्क के अंदर झूले और पौधरोपण भी कराए जाने के लिए नपा सीएमओ निशान सिंह ठाकुर से कहा गया।

### पंचतत्व के सहयोग से होगा पौधरोपण

शुक्रवार के दिन एसडीएम विजय राय एसजीएस कॉलेज भी पहुंचे जहां उन्होंने कॉलेज के चारों ओर बाउंड्री वॉल पूरी करवाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए जाने पर जोर दिया। इस संबंध में उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य से स्वयं संपर्क कर जल्द से जल्द काम पूरा कराए जाने की बात कही। साथ ही पंचतत्व संस्था की मदद से महाविद्यालय परिसर मैं अधिक से अधिक पौधरोपण भी कराए जाने का अनुरोध मौके पर मौजूद पंचतत्व संस्था से किया। जिस पर संस्था सदस्यों ने सहर्ष स्वीकृति दे दी।

### इनका कहना है

श्रीमती शशि अनिल यादव अध्यक्ष नगर पालिका गंजबासौदा

पाराशरी नदी नगर की सबसे पुरानी नदी है और इसे पहले की तरह खूबसूरत बनाने की ओर नगर पालिका परिषद पूरा सहयोग करेगी।

# मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का क्रियान्वयन हुआ प्रारंभ

## योजना का डिफाल्टर कृषकों को मिलेगा लाभ

खरगोन । प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के डिफाल्टर कृषकों पर बकाया कालातीत फसल ऋण के ब्याज माफ किये जाने के लिए मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का क्रियान्वयन संबंधी कार्यवाही प्रारंभ हो चुकी है। इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश सहकारिता विभाग म. प्र. भोपाल द्वारा प्रसारित किए गए। इसके लिए 14 मई से आवेदन पत्र प्राथमिक कृषि साख संस्थाओं में आमंत्रित किये गये है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला सहकारी बैंक के एमडी राजेन्द्र आचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजनांतर्गत 31मार्च 2023 की स्थिति पर अल्पकालीन फसल ऋण एवं मध्यकालीन परिवर्तित ऋण को मिलाकर कुल 2 लाख रूपये तक के बकाया ऋण (मूलधन एवं ब्याज) वाले डिफाल्टर कृषकों के ब्याज माफ किए जाएगें। ब्याज की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी कृषकों को आवेदन पत्र के साथ एक घोषणा पत्र देना होगा जिसमें यह उल्लेखित होगा कि वे सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका एवं नगर परिषद, निगम मंडल के अध्यक्ष, कृषि उपज मंडी, सहकारी बैंक के अध्यक्ष तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गठित निगम मंडल या बोर्ड अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष वर्तमान या भूतपूर्व नहीं है। साथ ही कृषक आयकारदाता न हो, केन्द्र एवं राज्य सरकार के शासकीय, अर्द्धशासकीय अधिकारी कर्मचारी (चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर) न हो, 15हजार रूपए से अधिक पेंशन प्राप्तकर्ता नहीं हो। पूर्व से पंजीकृत व्यक्ति फर्म का संचालक एवं भागीदारी नहीं हो यह उल्लेखित करना होगा।

मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना का जिला स्तर पर सफल क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग हो इसके लिए कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति भी होगी। जिसमें उप संचालक कृषि, उप आयुक्त सहकारिता विभाग सदस्य होगें तथा जिला सहकारी बैंक के एमडी समिति के संयोजक सदस्य होगें। मध्य प्रदेश शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय भोपाल से प्राप्त दिशा निर्देश खरगोन एवं बडवानी जिले की प्राथमिक कृषि साख संस्थाओं में क्रियान्वयन हेतु भेजे जा चुके हैं।

# वर्षों से नाले पर बने प्रतिष्ठानों पर चले बुलडोजर

## दलसागर तालाब और भैंरोगंज रोड़ पर अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्यवाही

सिवनी–जिला मुख्यालय के बस स्टैंड क्षेत्र में शनिवार को सिवनी नगर पालिका परिषद एवं राजस्व विभाग के द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान प्रारंभ किया इस अतिक्रमण हटाओं दस्ते के द्वारा दशकों से अतिक्रमण कर कब्जा करके बैठे दुकानदारों की दुकानों पर बुलडोजर चलाकर धस्वत करने की कार्यवाही से इस क्षेत्र के सभी व्यापारियों में दहशत फैल गयी और उस क्षेत्र में दशको से व्यापार करने वाले व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों को खाली करने में जुट गये। शनिवार की सुबह से ही प्रशासन सदलबल के पहुंच गया। सोमवारी चौक भैरोगंज की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित व्यापारी अपनी दुकाने खाली करने में पूरी क्षमता के साथ जुटे हुये थे।

जानकारी के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र के दलसागर तालाब के किनारे से भैरोगंज के लिये जाने वाले मार्ग पर दशको अनेक व्यापारियों का कब्जा है हालांकि आज भले ही यह कब्जा अवैध हो गया है परंतु यहाँ से के अधिकांश व्यापारियों ने अस्थाई पट्टा लिया था जिसकी राशि भी नगर पालिका परिषद को दी जाती थी । यह सारे प्रतिष्ठान एक नाले के ऊपर बने हुये हैं।

### व्यापारी प्रतिष्ठानों से सामान निकालते रहे यहाँ चलते रहा बुलडोर

जानकारी के अनुसार प्रशासन के द्वारा इन सभी कब्जाधारियों को कुछ दिन पूर्व नोटिस दिये गये थे परंतु दशको आधा सैकड़ा से अधिक व्यापारियों का यहाँ कब्जा था और उन्हें ऐसा लग रहा था कि प्रशासन से अनुनय विनय कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को स्थागित करा लिया जायेगा और इस प्रकार के प्रयास चल भी रहे थे परंतु अचानक शनिवार को सिवनी नगर पालिका और राजस्व विभाग के भारी लाव लश्कर के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल यहाँ पहुँचा और साथ में आयी हुई आधा दर्जन के करीब अतिक्रमण हटाने वाली मशीनों ने अपना काम प्रारंभ करते हुये के के लाँज और लाँज के सामने सड़क की दूसरी ओर स्थित प्रतिष्ठान पर बुलडोजर से तोड़ फोड़ शुरू कर दी । अतिक्रमण दस्ते की इस कार्यवाही से पूरी लाईन के कब्जाधारी दहशत में आ गये और उन्होंने अधिकारियों से बात करने की कोशिश की परंतु कोई रियायत नहीं दी गयी और सभी से तुरंत सामान निकालने की बात कहीं अन्यथा की स्थिती में सामान की परवाह किये बिना बुलडोजर चलाने की बात कही । अतिक्रमण की इस कार्यवाही से सभी कब्जाधारी दहशत में दिखाई दिये और उनके द्वारा प्रतिष्ठानों से सामान निकालने की कोशिशे की जा रही थी और इधर बुलडोजर धड़ाधड़ चल रहे थे ।

# बजरंगबली को समर्पित कर्नाटक की प्रचंढ जीत– निखलेन्द्रनाथ सिंह

सिवनी– भूत पिसाच निकट नहिं आवै-महाबीर जब नाम सुनावै, कर्नाटक की प्रचंड जीत-जिला कांग्रेस ने बजरंगबली जी को समर्पित की। साम, दाम, दंड, भेद सहित हर प्रकार के हथकंडे अपनाने के बाद भी भाजपा को कर्नाटक की जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा कर झूठ फरेब की राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया।

सिवनी विधानसभा प्रवक्ता दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एवं मल्लिकार्जुन खड़गे जी के अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद से देश की राजनीति में परिवर्तन आया है परिणाम स्वरूप कर्नाटक से भाजपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा, बेरोजगारी, मंहगाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिकते लाभ के सरकारी उपक्रम, अपने मित्रों को लाभ, गिरती जीडीपी, गिरता रूपया का मूल्य देश के मुख्य मुद्दो को छोड़कर आधार-हीन मुद्दो पर बात करके मोदी जी ने प्रधानमंत्री की पद की गरिमा को खत्म किया है। चुनावी रैलियों में धार्मिक उन्माद और वैमनस्ता की बाते कर देश के धर्मनिरपेक्ष संविधान को भी तार-तार किया है।

कर्नाटक की जनता ने देश के मुख्य मुद्दो पर ध्यान केन्द्रीत कर भ्रष्टाचार के सागर में डूबी भाजपा सरकार को सबक सिखाने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही जनहित के मुद्दो पर बात की है इन्ही मुद्दो पर चुनाव लड़ा है भाजपा ज्यादा दिनों तक देश के लोगो में नफरत फैलाकर सत्ता में नही रह सकती यह संदेश कर्नाटक की जनता ने दे दिया है।

# मप्र नगरीय प्रशासन द्वारा आवासीय संपत्ति कर पचास प्रतिशत छूट की बंद

सीहोर। लोक अदालत में सीहोर नगर के कई हितग्राही परेशान होते रहे नगर पालिका के संपत्ति कर जल कर पुराना बकाया राशि एकमुश्त जमा करने पर लोक अदालत में प्रकरण पर दंड ब्याज इत्यादि की छूट दी जाती है। शनिवार को लोक अदालत के लिए नगर पालिका द्वारा बकाया संपत्ति कर राशि के लिए बिल जारी किए गए जिसमें विगत वर्ष की बकाया राशि दुगनी बताई गई। जिससे कई हितग्राही परेशान हुए।

एक तो वैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है उस पर भारतीय जनता पार्टी की नगर पालिका ने आवासीय संपत्ति कर को दोगुना कर दिया जो कि आम जनता पर बहुत बड़ी आर्थिक मार है। सीहोर में भी हितग्राहियो को अपने बकाया संपत्ति कर की राशि दो गुना होना पता चला तब से हितग्राहियो में प्रदेश सरकार और नपा प्रशासन के खिलाफ बड़ा आक्रोश उत्पन्न हो गया है । प्रदेश कांग्रेस सचिव, पार्षद राजीव गुजराती ने बताया की मध्यप्रदेश शासन ने आवासीय संपत्ति कर में पिछले वर्ष तक दिए जाने वाली 50 प्रतिशत की छूट को समाप्त कर दिया है इस कारण संपत्ति कर राशि दुगनी हो गई है, दोहरी मानसिकता की मध्य प्रदेश भाजपा सरकार एक तरफ सुविधा की बात करती है और दूसरी तरफ आमजन पर आर्थिक भार डाला जा रहा है। मप्र सरकार अपने इस तुगलकी फरमान को वापस ले और आवासीय संपत्ति कर पर 50 प्रतिशत की छूट फिर से प्रदान करें, नहीं तो कांग्रेस इस मामले में उग्र आंदोलन करेगी।

# पनीर फेक्ट्री के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का आन्दोलन 21 को

सीहोर। कांग्रेस पार्टी बीते कई दिनों से पीपलियामीरा स्थित पनीर फेक्ट्री में चल रही अवव्यस्थाओं को लेकर फेक्ट्री प्रबंधन एवं जिला प्रशासन से सुधार के लिए अनुरोध कर रही थी। परन्तु पनीर फेक्ट्री प्रबंधन एवं जिला प्रशासन ने कांग्रेस पार्टी के अनुरोध को अनसुना कर दिया तथा उनके कान पर जू तक नही रैंगी। जिला कांग्रेस महासचिव पंकज शर्मा ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि पनीर फेक्ट्री द्वारा केमिकल युक्त जहरीला पानी खुले खेतों में छोड़ा जा रहा है, जो रिस कर भूजल तथा नदी-नालों में मिलकर हमारे पीने के पानी को दूषित कर रहा है, जिससे नाना प्रकार की बीमारियों से नागरिकों को जूझना पड़ रहा है तथा खेतों की उर्वर क्षमता के साथ ही आस-पास की वनस्पतियाँ भी नष्ट हो रही है। वहीं दूसरी ओर सिन्थेटिक दूध से पनीर एवं अन्य दुग्ध उत्पादों का निर्माण कर पनीर फेक्ट्री प्रबंधन लोगों को केंसर, किडनी तथा त्वचा रोग सहित अन्य घातक रोगों की ओर धकेल रहा है। इन्हीं सब बातों को लेकर कांग्रेसजनों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पनीर फेक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया था, जिसमें स्थानीय ग्रामीणजनों के हस्ताक्षर युक्त एक पत्र भी संलग्न था ।,

# फोन करके बात करने बुलाया और चाकू घोंप दिया, रतलाम में युवक की हत्या

रतलाम । स्टेशन रोड थाना के सनावदा फंटे के पास रंजिश के चलते में कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर एक युवक की हत्या कर दी तथा उसके नाबालिग साथी को घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया। हमलावर मौके से भाग निकले। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार राजपाल सिंह, उसका दोस्त 23 वर्षीय नारायण भाटी पुत्र ईश्वरसिंह भाटी व 16 वर्षीय नारायण सिंह डोडिया पुत्र विक्रम सिंह डोडिया दोनों निवासी ग्राम नगरा शनिवार शाम गांव में थे। तभी किसी ने नारायण भाटी के दोस्त से फोन करके सनावदा फंटे के पास बात करने के लिया बुलाया।

नारायण भाटी, नारायण सिंह डोडिया व उसके दोस्त राजपाल सिंह आदि शनिवार शाम साढ़े सात से आठ बजे के बीच सनावदा फंटे के पास पहुंचे। वहां आरोपितो ने पहले लाठी व फिर चाकू से हमला कर दिया। इससे नारायण भाटी व नारायणसिंह डोडिया गम्भीर रूप से घायल हो गए।

दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक नारायण भाटी की मौत हो चुकी थी। डॉक्टर ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित किया गया। वहीं नारायणसिंह डोडिया को भर्ती कर लिया गया। प्राथमिक उपचारबके बाद डोडिया को मेडिकल कालेज रेफर किया गया।

### बाइकों से आये थे

राजपाल सिंह ने मीडिया को चर्चा में बताया कि पुराने विवाद को लेकर आरोपित सचिन राणा ने फोन करके पहले महू रोड बस स्टैंड पर बात करने के लिए बुलाया। वहां जाने से मना किया तो उसने कहा कि सनावदा फंटे के पास आ जाओ बैठ कर बात कर लेते है। कुछ देर बाद वह, नारायण भाटी, नारायण सिंह भाटी आदि वहां पहुंचे तो सचिन व उसके अन्य साथी बाइकों पर आए तथा आते ही लाठी से मारपीट शुरू कर दी व चाकू से हमला कर दिया। हमला कर वे भाग निकले। पुलिस के अनुसार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# खबर के बाद पुलिस ने दारूवालो को खदेड़ा ,आबकारी विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# सीएम के निर्देशों की खुलेआम उड़ाई जा रही है धज्जियां , खुले आम बैठकर पी रहा है शराब

सिरोंज। खबर के बाद एसडीओ ,टीआई और पुलिस बल ने शराब दुकान के बाहर बैठकर शराब पीने वाले शराबियों को रात में खदेड़ने का काम किया तो उनमें हड़कंप मच गया। दिन में उसी तरह की स्थिति फिर से बन गई। शहर में खुलेआम सीएम के निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है प्रतिबंध के बाद भी शराब दुकानें के बाहर एवं खुलेआम सड़कों पर बीच बैठकर शराबियों के द्वारा शराब पीकर हंगामा किया जा रहा है ।कई तो मुख्य सड़कों पर शराब पीकर गदर भी लगाते हैं । दिन भर विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। हैरानी की बात है सीएम के गृह जिले में ही इस तरह से नियमों की अनदेखी हो रही है तो अन्य जगह क्या हालात होंगे इस बात का अंदाजा भी आसानी लगाया जा सकता है । इस खबर को हमारे संवाददाता द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया था इसके बाद पुलिस प्रशासन ने तो अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए शुक्रवार की रात्रि में शराब दुकान के बाहर बैठकर शराब पी रहे शराबियों को खदेड़ने का काम किया ।

आबकारी विभाग के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान - मुख्य रूप से इन पर कार्रवाई करने का अधिकार आबकरी विभाग के पास संबंधित विभाग के अधिकारी अभी भी कार्रवाई करने के लिए नहीं पहुंच रहे हैं । इनके द्वारा खुलेआम सीएम के आदेशों को मजाक बनवाया जा रहा है अधिकांश शराब दुकानों के बाहर बैठकर शराब पी रहे हैं सड़कों पर खुलेआम शराब पीने का काम किस तरह के हर दिन मामले सामने आ रहे हैं। फिर भी अधिकारी तो किसी भी तरह की कार्रवाई करने नहीं आ रहे हैं इस बात से लगा सकता है कि विभाग के अधिकारी सीएम के निर्देशों को हल्के में लेते हैं उन्हें किसी की कोई चिंता नहीं है।

वहीं खबर के बाद पुलिस महकमा कार्रवाई करने के लिए पहुंचा। आबकारी विभाग की अनदेखी के चलते खुलेआम शराब दुकानों तथा सड़क पर बैठकर शराबी शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं । इन पर किसी भी तरह की कार्रवाई करने की जरूरत जिम्मेदार बिभाग के अधिकारी नहीं उठा रहे हैं। । इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद आबकारी विभाग ने तो कार्रवाई नहीं की पर पुलिस प्रशासन ने दारू वालों को शराब दुकान के बाहर व सड़कों के आसपास बैठे मिलने पर खदेड़ने का काम किया । एसडीओपी सौरभ ,तिवारी, थाना प्रभारी मनोज दुबे के साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे । उन्होंने सड़कों के आसपास बैठे लोगों को खड़े होते भी जमकर खरी-खोटी सुनाई आगे से यदि इस तरह से कोई नजर आया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी इसके बाद भगदड़ की स्थिति में लोग इधर-उधर गली मोहल्लों में भागते हुए दिखाई दिए। पिछले कुछ दिनों से शराब दुकानों के बाहर और सड़क पर खुलेआम बैठकर शराब पीने का काम किया जा रहा है। जबकि सीएम के द्वारा इस तरह से खुले में शराब पीने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ऐसा करने पर जुर्माने के साथ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देशों का पालन विकासखंड में नहीं हो रहा जिसकी खबर 2 दिन पहले हमारे संवाददाता द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए अधिकारियों




का ध्यान आकर्षित कराया था। इसके बाद पुलिस महकमा जरूर कार्रवाई करने पहुंचा लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारी अभी भी गहरी नींद में सोए हुए हैं उन्हें सीएम के निर्देश की कोई चिंता नहीं है खुलेआम उनके आदेश की धज्जियां जरूर आबकरी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उड़ाते हुए नजर आ रहे है।

# सिंधिया ने एयरलाइन और हवाई अड्डा ऑपरेटरों के साथ की बैठक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एयरलाइन और हवाई अड्डा ऑपरेटरों के साथ बैठक की। बैठक के बाद सिंधिया ने ट्वीट कर बताया कि बैठक में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि के अनुमानों को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे और प्रक्रियाओं से जुड़े एक रोडमैप पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने ट्वीट में लिखा हम भारत में प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर त्वरित और सुचारू प्रसंस्करण की सुविधा के लिए उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कृष्का स्ट्रैपिंग सॉल्यूशंस का आईपीओ 16 मई, 2023 को खुलेगा




**मुंबई, एजेंसी।** हाई टेंसिल स्टील स्ट्रैप्स, स्ट्रैपिंग सील्स औरस्ट्रैपिंग टूल्स की एक प्रमुख निर्माता और होलसेलर, कृष्का स्ट्रैपिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 16 मई, 2023 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग ( आईपीओ ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है । कंपनी का उद्देश्य इस आईपीओ के मार्फत 17.93 करोड़ जुटाना है और शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे। फ्रेश इश्यू साइज 10 प्रत्येक के33,20,000 इक्विटी शेयर्स हैं ।आईपीओ से प्राप्त शुद्ध रकम का उपयोग नई स्ट्रैपिंग लाइन ( 12.04 करोड़) स्थापित करने के पूंजी खर्च का वित्तपोषण करने और कुछ सुरक्षित कर्ज ( 3.75 करोड़) का पुनरभुगतान करने के लिए किया जाएगा। यह इश्यू 19 मई, 2023 को बंद होगा। इश्यू की लीड मैनेजर शेयर इंडिया कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है और इश्यू की रजिस्ट्रार पूर्वा शेयरजिस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है । कृष्का स्ट्रैपिंग सॉल्यूशंस लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर,श्री लेनिन कृष्णमूर्ति बालामणिकंदन ने कहा,हमारा मिशन सभी प्रमुख ग्राहकों की जरूरत पूरी करने वाला उद्योग का एक प्रमुख खिलाड़ी बनना है । आईपीओ फंडिंग हमें हमारी क्षमता का विस्तार करने और कर्ज के पुनरभुगतान द्वारा हमारी बैलेंसशीट को मजबूत बनाने में समर्थ बनाएगी । हमारा इरादा बढ़ी क्षमता और पैकिंगकाट्रैक्ट में प्रवेश द्वारा घरेलू बाजार में प्रमुख बाजार हिस्सा प्राप्त करना और निर्यात बाजार में हमारी उपस्थिति बढ़ाना है । इश्यू की लीड मैनेजर, शेयर इंडिया कैपिटल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री आनंद श्रीवास्तवने कहा, हमें विश्वास है कि यह ऑफरिंग कंपनी को विकास पूंजी की जरूरत पूरी करने और अपना बाजार हिस्सा बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करेंगी ।

# वॉलमार्ट 2027 तक भारत से हर साल 10 अरब डॉलर का सामान खरीदेगी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वॉलमार्ट ने भारत के आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाने की अपनी योजना के साथ वृद्धि के लिए भारत पर अपनी नजरें टिका दी हैं। वॉलमार्ट के अध्यक्ष और सीईओ डग मैकमिलन ने हाल ही में घोषणा की है कि कंपनी का लक्ष्य स्थानीय आपूर्तिकर्ता समुदाय के समर्थन से 2027 तक हर साल 10 अरब डॉलर का सामान खरीदना है।

मैकमिलन ने भारतीय आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के साथ साझेदारी बनाने के महत्व पर जोर दिया। इन संबंधों को बढ़ावा देने के लिए, उन्होंने वॉलमार्ट इंटरनेशनल के अध्यक्ष और सीईओ जूडिथ मैककेना के साथ, व्यापारियों, अनुदानकर्ताओं, कारीगरों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एमएसएमई) के साथ प्रमुख भारतीय कार्यक्रमों और पहलों में शामिल किया।

इस दौरान मैककेना ने 2030 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत की क्षमता पर प्रकाश डाला और देश के आर्थिक विकास में भागीदार बनने के लिए वॉलमार्ट की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने पूरे भारत में प्रचलित उद्यमशीलता की भावना की प्रशंसा की और जोर देकर कहा कि वॉलमार्ट को भारत के विकास में योगदान देकर गर्व महसूस होगा। भारत में ई-कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के वॉलमार्ट के प्रयासों के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं। कंपनी ने पहुंच, सामर्थ्य और ग्राहक संतुष्टि को चलाने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसके परिणामस्वरूप कई उद्योग मजबूत हुए हैं और पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में उद्यमियों, एमएसएमई और रोजगार सृजन को सशक्त बना रहे हैं।

वॉलमार्ट से समर्थित फ्लिपकार्ट की थोक शाखा की भारत में लॉन्चिंग और किराना (मॉम-एंड-पॉप स्टोर) एमएसएमई के विकास को तेज करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वॉलमार्ट ने भारतीय फिनटेक स्टार्टअप फोनपे में भी 20 करोड़ डॉलर का निवेश किया है।

# खुदरा महंगाई की मार से राहत, अप्रैल में 18 महीने के निचले स्तर 4.70



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश को महंगाई की मार से राहत मिलती दिख रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले महीने यानी अप्रैल 2023 में खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.70 फीसदी रही। यह बीते 18 महीनों में सबसे निम्नतम स्तर है। आपको बता दें कि लगातार तीसरे महीने में महंगाई दर में कमी देखी गई है। इससे पहले मार्च 2023 में खुदरा महंगाई दर 5.66 फीसदी थी। लगातार दूसरे महीने में खुदरा महंगाई के आंकड़े रिजर्व बैंक के दायरे ( 2त्न से 6त्न के बीच ) में हैं। इस स्तर पर खुदरा महंगाई दर पिछली बार अक्तूबर 2021 में रही थी। उस समय सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर 4.48 प्रतिशत रही थी।

सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अप्रैल महीने में 3.84 प्रतिशत रही, जो मार्च में 4.79 प्रतिशत थी। पिछले साल अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर 8.31 प्रतिशत दर्ज की गई थी। दिसंबर 2022 में खुदरा महंगाई दर 5.7 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी में 6.4 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। उस दौरान देश में अनाज, दूध और फलों की कीमतों में उछाल आया था।

मार्च महीने के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आ गए हैं। मार्च 2023 में देश का औद्योगिक उत्पादन 1.1 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल इसी महीने में यह 2.2 प्रतिशत था। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) मार्च 2023 में 1.1 प्रतिशत बढ़ा। इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 0.5 प्रतिशत ही बढ़ा। वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी महीने मार्च में देश के खनन क्षेत्र का उत्पादन 6.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि बिजली के उत्पादन में 1.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 की बात करें तो औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 5.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान इसमें 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी इजाफा

भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच मई को समाप्त सप्ताह के दौरान 7.196 अरब डॉलर बढ़कर 595.976 अरब डॉलर हो गई है।

# आरबीआई का आदेशः हर जिले में शीर्ष 100 जमाकर्ताओं को खोजकर बैंक देंगे पैसा, 100 दिन चलेगा अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकों में बिना दावे वाली पड़ी अरबों रुपये की रकम के मालिकों को खोजने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अब 100 दिन का अभियान चलाएगा। इस अभियान को 100 डेज-100 पेज नाम दिया गया है। इस अभियान के तहत हर बैंक 100 दिनों के अंदर देश के हर जिले में शीर्ष 100 बिना दावे वाले जमाकर्ताओं को खोजेगा और उसका भुगतान करेगा।

आरबीआई के आदेश पर सभी बैंक एक जून से इस अभियान की शुरुआत करेंगे। नियम के मुताबिक, जिस भी बचत या चालू खाता को 10 साल तक नहीं चलाया जाता है, या कोई टर्म जमा का खाता है जिसमें 10 साल तक कोई दावा नहीं करता है, ऐसे खातों में पड़ी रकम को लावारिस या बिना दावे वाली रकम माना जाता है। बैंक इन ग्राहकों से संपर्क करने की कोशिश भी करते हैं। इसके बावजूद अगर कोई दावेदार नहीं मिलता तो यह एक विशेष खाते में चली जाती है। हाल ही में एक बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बिना दावे के रकम को लेकर नियामकों से कहा था कि वे बैंकिंग शेयर, डिविडेंड, म्यूचुअल फंड या इंश्योरेंस के रूप में जहां भी बिना दावे वाली रकम पड़ी है, उसके निपटारे के लिए विशेष अभियान संचालित करें।

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ का कहना है कि ऐसे मामलों में जहां नामित व्यक्ति की जानकारी नहीं है, वहां निर्धारित प्रक्रिया के तहत कदम आगे बढ़ाए जाएंगे।




## सरकारी बैंकों में बिना दावे के जमा हैं करीब 35,000 करोड़, सबसे ज्यादा एसबीआई में

सरकारी बैंकों में करीब 35,000 करोड़ रुपये की रकम ऐसी है जिस पर किसी ने अपना दावा नहीं किया है। सरकारी बैंकों ने इस पैसे को रिजर्व बैंक को ट्रांसफर कर दिया है। इसमें भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई में 8,086 करोड़ रुपये के लावारिस हैं। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक में 5,340 करोड़ रुपये, केनरा बैंक में 4,558 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा में 3,904 करोड़ रुपये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक, तमिलनाडु, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, कर्नाटक, बिहार, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बैंकों में बिना दावे वाली रकम सबसे ज्यादा है।

## आरबीआई गवर्नर बोले- महंगाई में कमी बहुत संतोषजनक, मौद्रिक नीति सही रास्ते पर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि अप्रैल में मुद्रास्फीति ( महंगाई ) का घटकर 4.7 प्रतिशत पर आ जाना बहुत संतोषजनक है। गवर्नर ने कहा कि जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह भरोसा मिलता है कि मौद्रिक नीति सही रास्ते पर है। हालांकि, आरबीआई गवर्नर ने इस बात पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या आरबीआई अब कम आक्रामक होगा या नीति के रुख में बदलाव करेगा। उन्होंने कहा कि ये चीजें 8 जून की सुबह स्पष्ट हो जाएंगी, जब आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होगी। जी-20 शेरपा अमिताभ कांत की पुस्तक मेड इन इंडिया के विमोचन के मौके पर दास ने कहा कि रिजर्व बैंक वित्त वर्ष 2024 में देश की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत को लेकर काफी आशावादी और आश्वस्त है। दास ने कहा कि देश में निजी निवेश भी बढ़ रहा है। इस्पात, सीमेंट और पेट्रोरसायन जैसे क्षेत्रों में मजबूती है। दास ने कहा कि यदि भारत 6.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि करता है तो यह साल में वैश्विक विकास में 15 प्रतिशत का योगदान देगा। दास ने यह भी कहा कि अनुसंधान और विकास पर खर्च निजी क्षेत्र के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र दोनों में बढ़ना होगा। दास ने कहा, ÷हमें सुधारों को जारी रखने की भी जरूरत है और यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है ।

# वार्डविजार्ड इन्नोवेशंस एंड मोबिलिटी ने वित्त वर्ष 23 में 2,393 मिलियन रुपए की आय प्राप्त की

वडोदरा, एजेंसी। 'जॉय ई बाइक' के तहत इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स का निर्माण करने वाली भारत की एक प्रमुख निर्माता, वार्डविजार्ड इन्नोवेशंस एंड मोबिलिटी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 23 ( अप्रैल 2022 मार्च 2023 ) और वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही ( जनवरी-मार्च 2023 )के अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। देश में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की मांग में वृद्धि का अवलोकन करते हुए कंपनी ने वित्त वर्ष 23 में 29.28 प्रतिशत की 2 अंक में वृद्धि दर्ज करते हुए गत वर्ष के 1,851 मिलियन रुपए की तुलना में 2,393 मिलियन रुपए की आय प्राप्त की। कंपनी ने36,500 यूनिट इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की सर्वोच्च बिक्री के साथ वित्त वर्ष ( वित्त वर्ष 23 ) को समाप्त किया 7 कंपनी ने गत वर्ष की समान अवधि की बिक्री 30,761 यूनिट की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।इसके अलावा कर बादलाभ ( पीएटी ) गत वर्ष के 85 मिलियन रुपए की तुलना में 94 मिलियन रुपए हुआ।31,मार्च,2023 को समाप्त वर्ष के संबंध में डायरेक्टरों ने सिफारिश की है कि पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयरों पर 0.10 रुपए प्रति शेयर लाभांश अदा किया जाएगा। वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, यतिन गुप्तेने कहा, हम वित्त वर्ष 23 की सफल समाप्ति की घोषणा करते हुए गौरवान्वित है, जो बहुत सी बाजार चुनौतियों के बावजूद कंपनी के लिए खास वर्ष रहा है । कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में नए माइल स्टोन हासिल किए हैं और 29.28 प्रतिशत की प्रभावशाली वार्षिक आय वृद्धि दर्ज की है, हमारे ब्रांड में हमारे ग्राहकों का बढ़ता विश्वास इसका प्रमाण है । इसके अलावा हमने इस वर्ष बिक्री में 19 प्रतिशत की प्रभावशाली वार्षिक वृद्धि दर्ज की है । हमने अधिक विस्तृत ग्राहक आधार की आकांक्षाएं पूरी करने के लिए इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर के क्षेत्र में प्रवेश कर लगातारहमारे मजबूत प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को इन्नोवेट किया है । इसके अतिरिक्त हमने हमारी स्वयं की बैटरी असेंबली लाइन शुरू की है ।इसकी वार्षिक क्षमता 1 जीडब्ल्यूएच की है ।

# विकास की राह पर दुनिया का भरोसा जीतने के लिए उदार लोकतंत्र जरूरी, रघुराम राजन ने दी सलाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन अक्सर आर्थिक जगत से जुड़ी सलाह देते नजर आते हैं। इस बार उन्होंने कहा कि भारत की वृद्धि का मार्ग इसकी भीतरी ताकत के भरपूर इस्तेमाल और सहिष्णुता एवं सबका सम्मान की ऐतिहासिक संस्कृति के दम पर खुद को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए अहम बनाने में निहित है।



भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर राजन ने 'आइडियाज फॉर इंडिया' सम्मेलन में अपने प्रमुख संबोधन में कहा कि भारत के पास सेवा उद्योग में नेतृत्व की भूमिका निभाने की काबिलियत है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दुनिया का भरोसा हासिल करने के लिए देश के उदार लोकतांत्रिक मूल्य एक आर्थिक आवश्यकता हैं। उन्होंने चीन जैसे सस्ते विनिर्माण देश के साथ प्रतिस्पर्द्धा के संदर्भ में कहा कि भारत को विनिर्माण के सेवा घटक या सीधे तौर पर सेवाओं पर ध्यान देने से फायदा मिलेगा। राजन ने कहा कि अगर हमें विनिर्माण सेवा-निर्देशित वृद्धि पथ पर आगे जाना है तो हमारी स्वतंत्र न्यायपालिका, हमारा उदार लोकतंत्र हमें बढ़त दिलाने वाले पहलू हैं। इसकी वजह यह है कि इसके सहारे हम दुनिया का भरोसा हासिल करने में सफल रहेंगे, यह बेहद जरूरी है। चीन जैसे सस्ते विनिर्माण पड़ोसी के साथ प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में, प्रमुख अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत एक विश्वसनीय वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में विनिर्माण या सेवाओं के सेवा घटक पर अधिक सीधे ध्यान केंद्रित करने से लाभान्वित होगा।

## लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना होमवर्क करने की आवश्यकता

उन्होंने कहा कि हम भारतीयों के रूप में लोकतंत्र चाहते हैं लेकिन हम यह भी चाहते हैं कि लोकतंत्र दुनिया को यह विश्वास दिलाने में सक्षम हो कि हम पर भरोसा किया जा सकता है, कि हम इस प्रकार की सेवाओं के प्रभावी प्रदाता हो सकते हैं, हमें अपने संस्थानों को मजबूत करने, अपने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपना होमवर्क करने की आवश्यकता है।

# गूगल पे की भुगतान नीति की जांच करेगा प्रतिस्पर्धा आयोग, गूगल पर लगाया गया था 936 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने गूगल एप पर इस्तेमाल किए जाने वाले गूगल पे की भुगतान नीतियों की जांच का आदेश जारी किया। आदेश में सीसीआई ने गूगल से गूगल पे के तहत तीसरे पक्ष के जरिये किए जाने वाले भुगतान की प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए भी कहा है। डेटिंग एप टिंडर के मालिक मैच समूह और अलायंस ऑफ डिजिटल इंडिया फाउंडेशन ने सीसीआई से गूगल की यूजर चॉइस बिलिंग (यूसीबी) नीति को प्रतिस्पर्धा विरोधी और अनुचित बताते हुए जांचने का अनुरोध किया था। सीसीआई ने माना कि इस मामले में जांच की जरूरत है। एप डेवलपरों की शिकायत पर सीसीआई ने पिछले वर्ष अक्तूबर में तीसरे पक्ष से भुगतान का विकल्प नहीं देने के मामले में गूगल पर 936 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था।

## चार सप्ताह में देना होगा जवाब

सीसीआई ने गूगल से यूसीबी से पहले और बाद में इन-ऐप भुगतान प्रणाली से संबंधित प्रावधानों को समझाने के लिए कहा है। आदेश में कहा गया है कि गूगल को चार सप्ताह में जवाब देना है। इससे पहले गूगल ने कहा था कि वह डेवलपर से सेवा शुल्क इसलिए वसूलता है, ताकि गूगल प्ले ऐप स्टोर और एंड्रॉइड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम के जरिये उनके एप मुफ्त में मुहैया कराए जा सकें और उन्हें डेवलपर टूल और एनालिटिक्स सेवा दी जा सके।

# शेयर बाजार में महाराष्ट्र को उत्तर प्रदेश से चुनौती, एक साल में यूपी से 35 लाख नए निवेशकों ने किया प्रवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में यूपी की ठसक लगातार बढ़ रही है। शेयर बाजार के गढ़ महाराष्ट्र को ही यूपी वालों ने सीधी टक्कर दे दी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक एक साल में यूपी से 35 लाख नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया है। ये संख्या महाराष्ट्र (44 लाख) के बाद सर्वाधिक है। गुजरात से 17 लाख नए निवेशकों ने प्रवेश किया है। बीएसई के मुताबिक, नए डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा सभी को पीछे छोड़ दिया है। एक साल में 37त्न की बढ़त हुई है। इसी अवधि में महाराष्ट्र की ग्रोथ 20त्न, गुजरात की 15त्न, राजस्थान की 26त्न और कर्नाटक की 20त्न रही है। यूपी में आय बढ़ने, महिलाओं का बाजार में रुझान और जोखिम की क्षमता प्रमुख वजहें हैं।

## यूपी वालों के डीमैट खातों में 18,700 करोड़ के शेयर

कुल डीमैट खातों में 3.40 लाख करोड़ रुपये के शेयर जमा हैं। इसमें यूपी की हिस्सेदारी करीब 5.5त्न है। यानी डीमैट खातों में यूपी वालों के 18,700 करोड़ रुपये के शेयर सुरक्षित हैं। शेयर बाजार के कुल कारोबार में सालाना 1.28 लाख करोड़ यूपी से हो रहा है। इसमें भी 30त्न की वृद्धि हुई है।




इस तरह बढ़ी यूपी की धमक
2021-22 में निवेशक- 92 लाख
2022-23 में निवेशक- 1.27 करोड़
एक साल में बढ़ी संख्या- 35 लाख
ब्रोकिंग कंपनियों की संख्या
महाराष्ट्र : 7309
यूपी : 6693
गुजरात : 5709
कर्नाटक : 3742
प.बंगाल : 3561
तमिलनाडु : 3537
(सोर्स : नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड)

# भारत को शीर्ष-3 अर्थव्यवस्था में देखना सरकार का लक्ष्य, जापान और जर्मनी से ज्यादा पीछे नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2026-27 तक भारत को दुनिया की शीर्ष-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना है। जापान और जर्मनी से हम बहुत पीछे नहीं हैं। ऐसे में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना हमारे लक्ष्य के मुताबिक है।

उन्होंने कहा, सरकार का ध्यान अपनी बेहतर नीतियों के जरिये भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एक गंभीर और प्रतिस्पर्धी भागीदार बनने के लिए आगे बढ़ाने पर है। एपल, सैमसंग और सिस्को जैसी कंपनियां अब भारत आ रही हैं। सरकार ने सिर्फ 14 महीने में निर्माण और डिजाइन में मौके पैदा किए हैं। भारत 2024 तक 100 सेमीकंडक्टर डिजाइन स्टार्टअप बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इस क्षेत्र में जल्द 85 हजार उच्च कुशल पेशेवरों का प्रतिभा पूल होगा। वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) से कहा कि वे वित्तीय समावेश के मामले में प्रदर्शन सुधारने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कर्ज वितरण में सुधार करें। वित्तीय सेवाओं के विभाग के सचिव विवेक जोशी की अगुवाई में हुई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक में इन बैंकों की वित्तीय व्यवहार्यता योजनाओं पर चर्चा की गई। इसकी वजह यह है कि कुछ आरआरबी घाटे में चल रहे हैं। बैठक के दौरान जोशी ने कहा कि आरआरबी को वित्तीय समावेश की दिशा में सरकारी प्रयासों के अनुरूप कदम उठाने होंगे। बैठक में वित्तीय सेवाओं के विभाग, आरबीआई, नाबार्ड, प्रायोजक बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरआरबी के चेयरपर्सन भी शामिल हुए।

## कार्वी के पूर्व अधिकारियों पर 1.9 करोड़ का जुर्माना

बाजार नियामक सेबी ने कार्वी समूह के चार पूर्व अधिकारियों पर 1.9 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इसका भुगतान 45 दिन में करना है। ग्राहकों की पूंजी की हेराफेरी से जुड़े मामलों में नियमों के उल्लंघन पर यह कार्रवाई की गई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 7.2 अरब डॉलर बढ़ा, 11 माह के शीर्ष पर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 मई को समाप्त सप्ताह में 7.2 अरब डॉलर बढ़कर 595.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह इसका 11 महीने का उच्च स्तर है। इससे पिछले सप्ताह भंडार 4.53 अरब डॉलर घटकर 588.78 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया था। आरबीआई के शुक्रवार के आंकड़ों के मुताबिक, 5 मई वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 6.53 अरब डॉलर बढ़कर 526.02 अरब डॉलर पहुंच गई। सोने का भंडार 65.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्तूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद रुपये में गिरावट रोकने के लिए आरबीआई ने डॉलर बेचना शुरू कर दिया था।

# सेबी का फैसलाः अब नाबालिग के एकाउंट में ही जाएगी निवेश की राशि, नए बैंक खाते को करना होगा अपडेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करते हुए सेबी ने एक नया नियम लाया है। इसने कहा कि अब नाबालिग के नाम से अगर म्यूचुअल फंड में कोई निवेश होता है तो उस रकम को निकालने के लिए नाबालिग का बैंक खाता होना जरूरी है भुगतान उसी खाते में होगा। हालांकि, निवेश नाबालिग के अभिभावक, गार्जियन के खाते, या फिर इनके संयुक्त खाते से किया जा सकता है। इसे 15 जून से लागू किया जाएगा। सेबी ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी किया। इसमें सभी म्यूचुअल फंडों से कहा है कि नए निवेश के तहत यह व्यवस्था तो होगी, पर पुराने में भी लागू होगी। सभी म्यूचुअल फंड कंपनियों को इसके लिए नाबालिग वाले फोलियो में नए बैंक खाते को अपडेट करना होगा।

# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान शिविर में आए 8 आवेदन



**बिछुआ ।** जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत उल्हावाड़ी में शनिवार को मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण में ग्राम स्वराज भवन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेक्टर प्रभारी सहायक यंत्री प्रतीक राव अतुलकर, नोडल अधिकारी स्मिता पाटिल, एपीओ धमेन्द्र मालवी, सरपंच संगम सानिया, सचिव विष्णु प्रसाद शर्मा, सीएम जन सेवा मित्र जमुना चौरिया, उमेश साहू, पटवारी श्री घोरके सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद शर्मा ने बताया की जनपद पंचायत बिछुआ की सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 8 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, आवेदनों में 7 ग्राम पंचायत व 1 राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन का समावेश था।

# सप्लीमेंट्री परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख को बढ़ाने हेतु प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा ।** अभाविप के द्वारा शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए जिला संयोजक नवीन सिंह राठौड़ ने बताया कि पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के द्वारा सप्लीमेंट्री परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 13 मई 2023 तक थी लेकिन प्रथम वर्ष के अत्यधिक संख्या में सप्लीमेंट्री के छात्र-छात्राएं सप्लीमेंट्री फॉर्म नहीं भर पाए हैं जिस कारण वह परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे तो छात्र-छात्राओं का 1 वर्ष खराब हो जाएगा तो छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी परिषद मांग करती है की विद्यार्थीयों कि सप्लीमेंट्री परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाया जाए जिससे छात्र-छात्राएं फॉर्म भरकर परीक्षा में बैठ सकें।

इस अवसर पर जिला सयोंजक नवीन सिंह राठौड़,नगर मंत्री मोहित डेहरिया,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दीक्षा बंसोड, नगर सह मंत्री प्रतिमा डोहले,कौस्तुभ चौबे,अमन राउत,पहलवान पहाड़े, पदमेश गुप्ता,निशा धुर्वे, अंजलि यदुवंशी, आस्था, भारती, नेहा निकिता कुमरे,योगिता मालवीय संतोषी उइके, मुस्कान सराठे, तनु लोमटे, कामिनी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति की बैठक

### कमलनाथ के हाथ मजबूत करने का लिया निर्णय

**छिन्दवाड़ा–** वर्तमान परिस्थितियों में सिंधी समाज की राजनैतिक भूमिका को लेकर मोहन नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में सिंधी समाज की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में मप्र कांग्रेस राज्य स्तरीय सिंधी कल्याण समिति के प्रदेश संयोजक ने सामाजिक सदस्यों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक दिनेश मेघानी ने अपने उदबोधन में कहा कि वर्तमान में सम्पूर्ण प्रदेश् का ताना बाना बिगड़ा हुआ है, रोजगार व व्यापार सबसे ज्यादा प्रभावित है इन परिस्थितयों में प्रदेश की सामाजिक व व्यापारिक व्यवस्थाओं को नई दिशा देने के लिये दूरगामी सोच रखने वाल कमलनाथ व श्री नकुलनाथ जैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता है अत: हमें मिलकर और एकजुट होकर श्री कमलनाथ के हाथों को मजबूत करते हुये उन्हें पुन: मप्र की सत्ता सौंपनी है।

इस महत्वपूर्ण बैठक को समाज के अन्य पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर सिंधी कल्याण समिति के सदस्य नंदकिशोर डोडानी, रोशन डोडानी व स्वप्निल गोकलानी सहित सिवनी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आनंद पंजवानी, ओमप्रकाश, गोपी नाथानी, गुरुबख्श नाथानी, भीमन दास परसवानी, सुनील लालवानी, शंकर खटवानी सहित समाज के बुजुर्ग एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे।

# जल प्रदाय शाखा की ओर से 95 प्रकरणों का निपटारा


छिंदवाड़ा। नेशनल लोक अदालत में नगर पालिक निगम की जल प्रदाय शाखा की ओर से 95 प्रकरणों का निपटारा किया गया। इन प्रकरणों से कुल 3,88,022/- रुपए की राशि नगद प्राप्त हुई इसके साथ ही सामान्य उपभोक्ताओं ने भी नेशनल लोक अदालत में राशि जमा की इस प्रकार कुल 6,49,217 रुपए की राशि निगम को प्राप्त हुई।

# शासकीय महाविद्यालय चौरई में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला



**छिंदवाड़ा ।** शासकीय महाविद्यालय चौरई में प्राचार्य रामकुमार उसरेठे की अध्यक्षता एवं नई शिक्षा नीति के जिला नोडल अधिकारी डॉ पी एन सनेसर के मार्गदर्शन में नवीन शिक्षा नीति तथा प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्री शैलेन्द्र दुबे जी एवं क्षेत्र के समस्त एम पी ऑनलाइन कियोस्क संचालक, महाविद्यालयीन स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रवेश प्रक्रिया के नियमो की जानकारी श्री विनोद बुड़ेकर द्वारा प्रदान की गई। द्वितीय सत्र में डॉ. विकास शर्मा द्वारा नवीन शिक्षा नीति के विषय चयन, क्रेडिट सिस्टम, प्रायोगिक विषय तथा परियोजना कार्य विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार माहोरे द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रामकुमार उसरेठे के द्वारा किया गया।

# स्तुति रही निर्मल पब्लिक में अव्वल



**छिंदवाड़ा ।** सीबीएसई 10वी कक्षा के परिणाम घोषित हुए। निर्मल पब्लिक स्कूल की छात्रा स्तुति पांडे ने शाला में प्रथम स्थान हासिल करते हुए 95त्न प्रतिशत प्राप्त किये। स्तुति पांडे नगर निगम नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे की भतीजी हैं और स्तुति के पिता अजय पांडे मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव है। वो अपनी सफलता का श्रेय शाला प्राचार्य डॉ वाय आए सिसोदिया,समस्त गुरुजन एव परिवारजन को देती है।

# राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की

## कांग्रेस की शानदार जीत पर राजीव भवन में मना जश्न, बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा कांग्रेस कार्यालय



**छिन्दवाड़ा ।** कर्नाटक राज्य की महान जनता ने आज जो जनादेश कांग्रेस के पक्ष में दिया है वह ऐतिहासिक है। जनता ने सच्चाई का साथ देकर झूठ को कड़ा जवाब दिया है। कर्नाटक के प्रिय मतदाताओं ने सम्पूर्ण देश की जनता जर्नादन को एक संदेश भी दिया है कि बहकावे और कलाकारी की राजनीति को सबक सिखाकर 70 वर्षों से जिस पार्टी ने देश को एकसूत्र में बांधा था आज उस देश को महज नौ वर्ष के कार्यकाल में भाजपा ने धर्म, जाति, रीति-रिवाज और भाषा के आधार पर बांटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फूट डालकर राज करने वालों को मतदाताओं ने मुंहतोड़ जवाब मिला है। उक्त उदगार आज जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने व्यक्त किये।कांग्रेस की कर्नाटक में प्रचंड जीत पर आज स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में जीत का जश्न मनाया। संकट मोचन महाबली भगवान हनुमान जी महाराज का गदा कांधों पर उठाकर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की जायघोष के साथ जीत की खुशियां मनाई। कांग्रेस भवन हनुमान जी के जयघोष से गूंज उठा। आतिशबाजी कर ढोल, गाजे, बाजों की धुन पर कांग्रेसजन जमकर थिरके और विजय होने का जश्न मनाया। एक दूसरे का मुंह मीठा कराया साथ ही राहगीरों में भी मिष्ठान का वितरण कर कर्नाटक में कांग्रेस की रिकॉर्ड सीटों से जीत की खुशियां आपस में बांटी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाये कर्नाटक तो एक झांकी है, मप्र अभी बाकी है, तेरह मई और भाजपा गई। कांग्रेस के समस्त वरिष्ठ नेताओं व कनिष्ठ पदाधिकारियों ने कर्नाटक की जनता के द्वारा कांग्रेस को दिये प्यार और विश्वास के लिये समस्त सम्मानित मतदाताओं का आभार माना है साथ ही इस जीत का श्रेय जनता को देते हुये मप्र व जिले के सम्माननीय जागरूक मतदाताओं से यह अपेक्षा की है कि उनका आशीर्वाद और विश्वास मप्र में भी इसी तरह कांग्रेस को प्राप्त होगा।आयोजित जश्न समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, महापौर विक्रम अहके, सोनू मागो, नगर अध्यक्ष पंकज शुक्ला, आनंद बक्षी, आशीष त्रिपाठी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के समस्त विभाग व प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष, प्रभारी व पदाधिकारी सहित कार्यकर्तागण व आमजन उपस्थित रहे।

### महिला कांग्रेस ने कर्नाटक की जीत पर मनाया जश्न

छिंदवाड़ा। कर्नाटक राज्य में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर स्थानीय कांग्रेस भवन में नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये के नेतृत्व ने जश्न मनाया गया और एक दूसरे को मिष्ठान वितरण कर शुभकामनाएँ दी और श्रीमती गजभिये ने सभी महिलाओं ने आगामी विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश में भी कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प दिलाया, उन्होनें कहा कि कर्नाटक की ऐतिहासिक जीत से समस्त कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है और अब आगामी चुनावों में मा. कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है, और सरकार बनते ही हमारी प्रत्येक बहनों को 1500 रूपये एवं 500 रूपये में गैस सिलेण्डर मिलेगा ।

### बजरंग बली के आशीर्वाद के साथ जश्न मनाया



**जुन्नारदेव।** कर्नाटक में कॉंग्रेस की प्रचण्ड जीत पर जुन्नारदेव में आज कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी एवं विधायक सुनील उईके के नेतृत्व में भगवान वीर बजरंग बली के आशीर्वाद के साथ जश्न मनाया। कनार्टक के नतीजे स्पष्ट होते ही कॉंग्रेस जनों का जुन्नारदेव स्थित विधायक एवं कॉंग्रेस आर्यालय पर तांता लगना शुरू हो गया। इसी बीच प्रदेश कॉंग्रेस उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी एवं विधायक सुनील उईके भी जुन्नारदेव, दमुआ, तामिया एवं नवेगांव ब्लॉक के पर्यवेक्षकगण, ब्लॉक अध्यक्षगण एवं क्षेत्रीय अध्यक्षगणों के साथ वहाँ पर पहुंच गए, इसके पश्चात कॉंग्रेसजनों ने कॉंग्रेस कार्यालय से ढोल बाजों के साथ आतिशबाजी करते हुए गाँधी चौक पहुँच कर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुँचकर पूजन अर्चन कर मिष्ठान वितरण करबधाई दी

## कर्नाटक में कांग्रेस की जीत से भाजपा में कहीं खुशी कहीं गम

**गोविंद चौरसिया**

**छिंदवाड़ा।** कर्नाटक में भाजपा की हार से स्थानीय भाजपा में कहीं खुशी एवं कहीं गम है वे लोग खुश हैं जो भाजपा से उपेक्षित हैं इसी उपेक्षा का परिणाम है कि भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा जब सत्ता में रहती है तो वह सत्ता के सहारे चलती है न कि संगठन के कारण जिसका दुष्परिणाम होता है कि भीतरघात में हार का सामना करना पड़ता है।

जिले में भाजपा संगठन की स्थिति यह है कि गुटबाजी के कारण भाजपा बिखर गई है जिन्होने भाजपा को सींचा वह घर में उपेक्षित बैठे है। उसे कोई पूछ नहीं रहा है। जो संगठन में बैठे हैं उन्हें अहम है कि हम मोदी, शिवराज एवं प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा के कारण आगे बढ़ेंगे किन्तु कर्नाटक में दोनों ही फेल हो गए नेताओं के अनुसार जिले में संगठन की बहुत दुर्दशा है जो संगठन में बैठें हैं वे सत्ता का उपयोग कर वरिष्ठों की उपेक्षा कर रहे हैं। कर्नाटक की हार से भाजपा का एक खेमा खुश है कहता है कि समय रहते अक्ल नहीं आई तो कर्नाटक की तरह मध्यप्रदेश से भी भाजपा जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे और कांग्रेस के प्रस्तावित मुख्यमंत्री हैं जिले की जनता चाहती है कि उनके जिले से मुख्यमंत्री बने। राज्य और केन्द्र की सरकार में बैठे लोगों में अहम बहुत है वे जनता की सुनना ही नही चाहते जिसके छोटे छोटे कई उदाहरण हैं जैसे की पुरानी पेंशन लागू करना, रेल्वे में वरिष्ठ को सीनियर सीटिजन में कन्सेशन देना रेलमंत्री अश्विनी वैस निश्चित ही रेलवे में बहुत विकास कर रहे हैं नई नई गाड़ियां चला रहे हैं वे आई.ए.एस. रहे उन्हें विकास की समझ जरूर है किन्तु जनता के वोट कैसे लेना इसकी समझ नहीं दिखाई देती है इससे पूरे देश के सीनियर सीटिजन नाराज हैं और वह भाजपा को वोट नहीं देना चाहते हैं भले ही हार जीत एक वोट की हो या एक लाख वोट की हार तो हार, जीत तो जीत कहलाती है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी रोड डेवलपमेंट बहुत कर रहे हैं किन्तु उनसे पत्रकार नाराज हैं क्योंकि देश भर के पत्रकार इस बात की मांग कर रहे हैँ कि जो अधिमान्य पत्रकार हैं उन्हें टोल नाके पर छूट दी जावे जब सरकार ने अधिमान्यता दी है तो टोल टैक्स में छूट देने से सड़क परिवहन विभाग को बहुत नुकसान नहीं होगा किन्तु यह पत्रकारों के लिए सम्मान की बात है। किन्तु नितिन गड़करी अपना अडियल रवैया अपनायें हुये हैं।

इसी तरह प्रदेश के चुनाव आ गए किन्तु बहुत से पद खाली हैं भाजपा ने उनको नहीं भरा अफसर पद पर बैठे हैं उससे भी भाजपा में नाराजी है जो सत्ता में जनप्रतिनिधि बैठा है वह नहीं चाहता कि उसके साथी को कोई पद मिले। नाराजी के छोटे छोटे मामले जो वोट में परिवर्तित होते हैं। कांग्रेस सत्ता में नहीं है। किन्तु रेवड़ियां बांटने के सपने दिखाकर अपने पक्ष में मतदाताओं को करने की कोशिश कर रही है। भाजपा को सत्ता और संगठन में आपस में तालमेल बनाना होगा तब ही कुछ उम्मीद की जा सकती है।

# पर्यटन ग्राम सावरवानी का बेस्ट टूरिज्म प्लेस स्पर्धा में शामिल: प्रमुख सचिव

**छिन्दवाड़ा ।** राज्य शासन के पर्यटन व संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव व मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिवशेखर शुक्ला ने गत दिवस छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी विकासखंड तामिया के ग्राम सावरवानी स्थित पर्यटन के लिये विकसित किये जा रहे होम स्टे का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बने 6 होम स्टे देखे और उनकी अत्यंत सराहना की। उन्होंने कहा कि सावरवानी के होम स्टे को विकसित करने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड से हर संभव सहायता की जायेगी। पर्यटन व संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव व मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री शुक्ला के ग्राम सावरवानी पहुंचने पर होम स्टे संचालक श्री कमलेश यदुवंशी और श्री दुर्गेश यदुवंशी सहित ग्रामीणों ने स्वागत किया। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने होम स्टे का निरीक्षण किया। देसी स्टाइल में बने वीआईपी कॉटेज देखकर वे बहुत प्रभावित हुये और कहा कि इस गांव में पर्यटन की असीम संभावनायें हैं और होम स्टे बन जाने से विकास के रास्ते भी खुल गये हैं। विलेज वेज संस्था के मार्गदर्शन में बने होम स्टे की सुंदरता और ग्रामीणों का पर्यटकों के प्रति व्यवहार देखकर भी श्री शुक्ला प्रभावित हुये। उन्हें जानकारी दी गई कि भारत देश के साथ ही अभी तक 6 अन्य देशों के विदेशी पर्यटक भी सावरवानी के होम स्टे में रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि सावरवानी का राष्ट्रीय बेस्ट टूरिज्म प्लेस स्पर्धा में शामिल होना छिन्दवाड़ा जिले के लिये बहुत ही गौरव की बात है, जबकि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड अभी तक इसे ट्रायल बेस पर मानकर चल रहा था, लेकिन यहां पर्यटकों से मिले फीडबैक के कारण सावरवानी को स्पर्धा में शामिल होने का मौका मिल गया है।

# भाजपा लगाएगी मातृशक्ति के लिए 15 से नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प

### गुलाबरा के वार्ड 42 से होगी शुरुआत

**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष के द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस कैंप लगवाए जा रहे है। जिसमे मातृशक्ति,लाडली बहिनों के डॉयविंग लाइसेंस निशुल्क बनाए जाएंगे।कैम्पो की शुरुआत गुलाबरा के वार्ड 42 से की जाएगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान ने सभी मातृशक्ति से निवेदन किया है कि जिनका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस बनाना चाहिए।सभी बहिनों के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए निशुल्क कैंप लगाए जा रहे है। कैम्प की शुरुआत 15 मई को गुलाबरा के वार्ड 42 से की जा रही है।इसी के साथ पहले चरण में पूरे नगर में जहाँ आवश्यक हो वहाँ कैम्प लगाए जाएंगे। जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान ने कहा कि सभी से निवेदन है कि 15 मई दिन सोमवार को सुबह 9 बजकर 30 मिनिट पर गुलाबरा के वार्ड 42 स्थित शिव मंदिर बड़ा कुआ परिसर में समय का ध्यान रखते हुए पहुँचे।सभी से यह भी निवेदन है कि आवश्यक दस्तावेज 10 वी की मार्कशीट,आधार कार्ड,की छायाप्रति एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन अवश्य लावे।

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान शिविर,

**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत उल्हावाड़ी में शनिवार को मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण में ग्राम स्वराज भवन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 8 आवेदन आये।

# आज मदर्स डे पर होंगे छ: नाटकों के मंचन

### रंगकर्म की बारीकियॉं सीख रहे है प्रतिभागी



**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले की सबसे पुरानी सक्रिय नाट्य संस्था नाट्यगंगा के द्वारा नए कलाकारों को रंगकर्म से जोड़ने के लिए चालीस दिवसीय एक्टिंग वर्कशॉप का भव्य एवं अभूतपूर्व आयोजन प्रतिदिन सुबह सात से सवा नौ बजे तक स्थानीय रवींद्र भवन में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में ऑडिशन के बाद कुल साठ प्रतिभागियों को कार्यशाला के लिए चयनित किया गया था। इस प्रकार कार्यशाला में नए एवं पुराने कुल 75 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह पहला अवसर है जब इतनी बड़ी संख्या में छ: वर्ष से लेकर पचपन वर्ष तक के प्रतिभागी किसी एक्टिंग कार्यशाला में हिस्सा ले रहे हैं। नाट्यगंगा द्वारा विगत बीस वर्षों पहले जो रंगकर्म का बीज बोया गया था अब वो धीरे धीरे एक बड़े वृक्ष का रूप लेता जा रहा है। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को रंगकर्म की सभी विधाओं से अवगत करवाने के लिए वर्कशॉप को विभिन्न कालखडों में विभाजित किया जा रहा है जिसमें संस्था के वरिष्ठ कलाकारों के साथ ही छिंदवाड़ा जिले के सिद्धहस्थ कलाकार भी नवागत कलाकारों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। कलाकारों को व्यायाम, योग, म्यूजिकल जुम्बा, शास्त्रीय नृत्यों में भरतनाट्यम् और कल्लरी पयटू, संगीत, स्वर अभ्यास, रस अभ्यास, संवाद अदायगी, कहानी पाठ, कविता पाठ, थियेटर गेम्स आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी प्रशिक्षकों का कहना है कि सभी प्रतिभागी बहुत ही लगन और मेहनत से हर विधा को समझने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे बहुत थोड़े से समय में ही प्रतिभागी धीरे धीरे इन विधाओं को भलीभांति समझने लगे हैं।

### आज मदर्स डे पर होंगे छ: नाटकों के मंचन

प्रतिवर्ष मई के दूसरे रविवार को मातृदिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्कशॉप के कलाकार भी इसे अनूठे तरीके से मनाने की तैयारी कर रहे हैं। सभी नवोदित कलाकारों के द्वारा पुराने कलाकारों के मार्गदर्शन में छ: नाटकों को तैयार किया जा रहा है। जिसमें ये सभी कलाकार पहली बार अभिनय करेंगे और अपनी माँ के प्रति अपने प्यार और आदर को प्रस्तुत करेंगे। इन नाटकों के मंचन आज शाम ठीक पाँच बजे से रवींद्र भवन फव्वारा चौक पर प्रस्तुत किए जाएंगे। इस मंचन में सभी प्रतिभागियों के परिवारजन, सभी साहित्यकारों, रंगकर्मियों और आम दर्षकों को आमंत्रित किया गया है।

# विद्यार्थियों को निश्शुल्क मिल रही सी.ए. फाउंडेशन की कोचिंग

### कमलनाथ व नकुलनाथ की सार्थक पहल

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के प्रयत्नों से जिले के विद्यार्थियों को हर कदम पर मदद मिल रही है ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल कर सकें और परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करें। जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस अदा करने से लेकर उच्च शिक्षा दिलाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तक नेताद्वय का सहयोग छात्र-छात्राओं को प्राप्त हो रहा है।कमलनाथ व नकुलनाथ के प्रयासों से सीए फाउंडेशन की निश्शुल्क कोचिंग छात्र-छात्राओं को प्रदान की जा रही है, जबकि अन्यत्र कोचिंग संस्थान से इसकी सालाना खर्च 1 लाख रुपये तक आता है। शहर के मानसरोवर कॉम्पलेक्स के दूसरे मामले पर स्थित श्री कॉमर्स क्लासेज में विद्यार्थियों को नेताद्वय के प्रयासों से कोचिंग दी जा रही है जिसका प्रथम ग्रुप के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के पश्चात अब दूसरे ग्रुप की कोचिंग मई माह से प्रारंभ होने जा रही है, जिसकी परीक्षाएं आगामी नवम्बर, दिसम्बर 2023 में अंग्रेजी माध्यम में सम्पन्न होगी। सीए फाउंडेशन की कोचिंग हेतु विद्यार्थी कॉमर्स, साइंस, ऑर्ट व अन्य विषयों से बारहवीं उत्तीर्ण होना चाहिये अथवा बैचलर डिग्री अध्यन्नरत विद्यार्थी को पात्रता है। हिन्दी माध्यम वाले छात्र-छात्रायें भी इसे अंग्रेजी माध्यम से कर सकते हैं। कोचिंग की समय अवधि 6 से 6.5 माह होगी। बाहर से आने वाले शिक्षकगण विद्यार्थियों को लॉजिकल, रीजनिंग और मेमोरी टेक्निक्स द्वारा पढ़ायेंगे जिससे की विद्यार्थियों को समझने में आसानी होगी। परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 1 जुलाई है 2023 है जो कि ढ्ढष्टढ्ढ की अधिकृत वेबसाइट द्वारा होगी। कोचिंग प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी राजीव भवन व श्री कॉमर्स क्लासेज में 20 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

# गायन, वादन, नृत्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता 15 को



**छिंदवाड़ा ।** वसंत उत्सव एवं सरस्वती जयंती स्व.शालिगराम विश्वकर्मा स्मृति संगीत समारोह इस वर्ष आयोजित किया जा रहा है, आयोजन समिति के सचिव राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि यह आयोजन का 58वां वर्ष है। इसी आयोजन में इस वर्ष श्री शालिगराम विश्वकर्मा अवार्ड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में, गायन (शास्त्रीय सुगम, गजल, भजन, फिल्मी गीत), वादन (तबला, ढ़ोलक, गिटार, सिंथेसाईजर, बांसुरी), नृत्य (कत्थक, वेस्टर्न, बॉलीवुड, फ्री स्टाईल), चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी भाग ले सकते है। प्रतियोगिता का ऑडिशन दिनांक 15 मई सोमवार को सुबह 11 बजे से सायं 05 बजे तक स्थान - ई.एल.सी. बिल्डिंग हॉल, शिवाजी चौक में रहेगा। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरूस्कृत किया जायेगा। इसी आयोजन में दिनांक 03 जून 2023 को समय-सायं 05 बजे से 03 दिवसीय चित्रकला प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन किया जावेगा। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित चित्रकार हेमंत झा, संजय चंचलेष, श्रीमति ऋतु गोयल, तपन राय चौधरी, दीप चंचलेश, शांतनु पाठक की चित्रकलाएं रहेगी। 3 जून को मुंबई के सुप्रसिद्ध बांसुरी वादिका, सुश्री सुचिस्मिता एवं देवोप्रिया चैटर्जी सायं 07:30 बजे से बांसुरी वादन करेंगी एवं अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक पंडित नयन घोष एवं ईशान घोष (मुंबई), तबला जुगलबंदी प्रस्तुत करेंगें। दिनांक 04 जून को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय गायक पंडित अजय पोहनकर (मुंबई) गायन प्रस्तुत करेंगें। तबला संगत राजेष विश्वकर्मा, हारमोनियम संगत संदीप गुरमुले करेंगें। दिनांक 05 जून 2023 को अवार्ड का फाईनल रहेगा। सभी आयोजन राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज हॉल में आयोजित होंगें। समिति के सदस्य दीपक बाजपेयी, बाबा तिवारी, सतीष सोरठ, दीपेंद्र सिंह शक्रवार,दिलीप सूर्यवंषी, हरीष बेलवंषी, महेन्द्र माहोरे, अनिल तातेकर, प्रथम इंगले, शुभम बघेलकर, रविन्द्र नाफ्डे, ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवें।

# युवक को मारी गोली, आरोपी फरार

**छिंदवाड़ा ।** मोहखेड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात लोगों ने एक युवक पर दो लोगों ने गोली चलाई जिससे युवक को एक गोली पीठ पर लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दूसरी गोली बाईक में लगी पुलिस अज्ञात आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। गोली किस कारण से चलाई यह आरोपियों के पकड़े जाने पर ही इसका खुलासा होगा। पुलिस अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 307, 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है वहीं घायल युवक का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहखेड़ थाना के अंतर्गत ग्राम कामठी निवासी युवक मुकेश जयराम कोरडे उम्र 28 वर्ष अपनी मम्मी के वर्थडे से मोटरसायकल से लौट रहा था गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर पर बाईक में सवार दो अज्ञात लोगों ने दो फायर किए जिसमें युवक को एक गोली पीठ में लगी दूसरी बाईक में लगी गोली चलाने के बाद युवक फरार हो गए। पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही हे।

### भाई ही निकला भाई का हत्यारा

थाना लावाघोघरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम हीरावाड़ी में मृतक राजू बछले पिता भंगी बछले उम्र 26 साल निवासी ग्राम हीरावाड़ी की अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करने की रिपोर्ट परपुलिस अधीक्षक छिंदवाडा विनायक वर्मा के द्वारा लावाघोघरी रमजू उइके को तत्काल अनुसंधान कर अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देकर टीम गठित की गई, लगातार एक महीने की मेहनत के बाद मुखबिर सूचना से पता चला कि मृतक का बड़ा भाई प्रकाश की भूमिका संदिग्ध हैं घटना दिनाँक की रात को वह घर पर भी नहीं था जिससे प्रकाश को बुलाकर पूछताछ की गयी जिसमें उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। हत्या का कारण-मृतक राजू बछले आए दिन शराब पीता था, ठीक से कोई काम धंधा नहीं करता था गलत लोगो की संगति में रहता था और मृतक की खराब हरकतों की वजह से मृतक की शादी भी नही हो रही थी। शराब के नशे में बुजुर्ग माता पिता को आए दिन गाली गुफ्तार और मारपीट करता था शराब पीने के लिये उनसे पैसे छीनता था, खेती बाड़ी का काम मां बाप से नही बनने पर भी उनका सहयोग नही करता था, और परेशान करता था जो आरोपी से देखा नही जाता था उसको कई बार समझाने पर भी वह नहीं समझा। पूरी खेती आरोपी के द्वारा ही जोती जा रही थी, आरोपी के बड़े भाई को कृषि भूमि से कोई मतलब नही था इसलिये आरोपी पूरी खेती पर कब्जा करना चाहता था। दिनांक 06.04.2023 की रात को भी राजू माँ बाप को शराब के पैसो के लिये गाली गुफ्तार कर मारपीट कर रहा था जिसके चलते आरोपी से रहा नहीं गया और आरोपी ने रात के समय अकेले में अपने छोटे भाई राजू को खेत में पत्थरो से मारपीट कर खतम कर दिया।

## धारदार हथियार से हमला हमलावरों में एक नाबालिग भी शामिल

**परासिया ।** बड़कुही के वार्ड नंबर 14 , बड़कुही नंबर 5 में एक आदतन अपराधी ने नाबालिग के साथ मिलकर एक वेकोलि कामगार पर जानलेवा हमला किया । यह हमला शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात किया गया । इस हमले में पीड़ित के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं । आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

# 100 से अधिक बच्चे दे रहे समर कैंप में अपनी भागीदारी

### कैंप के प्रति शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की दिख रही उदासीनता



**जुन्नारदेव ।** जुन्नारदेव नगर में खेलों का अपना वर्चस्व है और आज के इस तकनीकी युग में नन्हे मुन्ने को जमीनी स्तर के खेलों से जुड़ने के लिए लगातार खेल प्रेमी सही प्रशासन प्रशासन के सहयोग से समर कैंप लगाकर खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया जा रहा है वर्तमान में नगर के अनेकों क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शासन प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाएं भी अपना सहयोग प्रदान करती है किंतु इन सब के विपरीत नगर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन फुटबॉल शिविर विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक सुविधा अथवा जनप्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त नहीं हो रहा है वही खेल युवा कल्याण द्वारा इस खेल शिविर को मात्र 2 फुटबॉल उपलब्ध कराई गई है, ऐसे में नगर के अन्य स्थलों पर आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर में इनके द्वारा किए जा रहे सहयोग इस फुटबॉल शिविर से भेदभाव और पक्षपात दर्शाते हैं नगर के खेल शिक्षक एवं खिलाड़ियों ने नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र ही नंदलाल सूद खेल मैदान नेहरू स्टेडियम को खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराने की मांग कीरेड यूनाइटेड फुटबॉल क्लब द्वारा संचालित इस फुटबॉल शिविर में नगरी क्षेत्र के 100 से अधिक बच्चे अपनी भागीदारी दे रहे हैं जहां पर निस्वार्थ भाव से रेड यूनाइटेड क्लब और नगर के कुछ खेल प्रेमी यहां बच्चों के लिए तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं वहीं शासन प्रशासन की बेरुखी और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता शिविर के साथ-साथ बच्चों को भी काफी खल रही है वहीं खेल मैदान भी ग्रीष्म काल में खिलाड़ियों को नहीं हो पा रहा उपलब्ध।


G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव
मध्यप्रदेश शासन
अन्नदाता को मिली बड़ी राहत
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना 2023
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
शिवराज सिंह चौहान
द्वारा
14 मई 2023 | अपराह्न 3:30 बजे
सागर, मध्यप्रदेश
₹ 2 लाख तक के बकाया फसल ऋण पर होगी ब्याज राशि माफ
किसानों को मिलेगी खाद-बीज के लिए तत्काल पात्रता
11 लाख से अधिक किसानों की ₹ 2123 करोड़ की ब्याज राशि होगी माफ
"हमारे जो किसान फसल ऋण के डिफाल्टर हो गये हैं और खाद-बीज नहीं उठा पा रहे हैं, हम उनका ब्याज माफ करने की योजना लाये हैं। इन किसान भाइयों के ब्याज की राशि सरकार भरेगी।"
- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
मध्यप्रदेश शासन
D-11023/23
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी